आज़ादी का अमृत महोत्सव

सत्यमेव जयते

भरतीय दिवाला और शोधन अक्षमता बोर्ड
Insolvency and Bankruptcy Board of India

वार्षिक रिपोर्ट

2023-24

भारतीय दिवाला और शोधन अक्षमता बोर्ड

भारतीय दिवाला और शोधन अक्षमता बोर्ड
Insolvency and Bankruptcy Board of India

वार्षिक रिपोर्ट

2023-24

भारतीय दिवाला और शोधन अक्षमता बोर्ड

www.ibbi.gov.in

यह रिपोर्ट भारत के राजपत्र में दिनांक 1 मई, 2018 को प्रकाशित भारतीय दिवाला और शोधन अक्षमता बोर्ड (वार्षिक रिपोर्ट) नियम, 2018 में विहित प्रारूप के अनुरूप है।

शासी बोर्ड

(31 मार्च, 2024 की स्थिति के अनुसार)

अध्यक्ष

श्री रवि मितल

पूर्णकालिक सदस्य

श्री सुधाकर शुक्ला

श्री जयंती प्रसाद

श्री संदीप गर्ग

पदेन सदस्य

डॉ राजीव मणि
सचिव
विधिक कार्य विभाग और
विधायी विभाग
विधि और न्याय मंत्रालय

श्री उन्नीकृष्णन ए.
प्रधान विधि सलाहकार
भारतीय रिजर्व बैंक

श्रीमती अनिता शाह अकेला
संयुक्त सचिव
कारपोरेट कार्य मंत्रालय

श्रीमती रीतू जैन
आर्थिक सलाहकार
आर्थिक कार्य विभाग
वित्त मंत्रालय

अंशकालीन सदस्य

श्री दीनबंधु मोहपात्रा
पूर्व महानिदेशक (सीईओ)
बैंक ऑफ़ इंडिया

श्री एम.पी राम मोहन
प्रोफ़ेसर
भारतीय प्रबंधन संस्थान, अहमदाबाद

कार्यकारी निदेशक
(31 मार्च, 2024 की स्थिति के अनुसार)

नाम	कार्य
श्री रीतेश कावड़िया	दिवाला, परिसमापन और शोधन अक्षमता प्रभाग
	आईटी प्रभाग
श्री संतोष कुमार शुक्ला	आईपी अनुश्रवण प्रभाग अनुसंधान और पक्ष समर्थन प्रभाग • अनुसंधान मार्गदर्शन समूह (आरजीजी) • पक्ष–समर्थन • अनुसंधान और प्रकाशन • ज्ञान प्रबंधन • साझेदारी • सतत व्यावसायिक शिक्षा • अंतरराष्ट्रीय मामले
श्री सतीश सेठी	आईपी प्रभाग
	मूल्यांकन और आईयू प्रभाग
	परीक्षा प्रभाग
	वित्त और लेखा
	मानव संसाधन और स्थापना प्रभाग
श्री जितेश जॉन	कानूनी और अभियोजन प्रभाग • विधिक मामले • न्यायनिर्णयन • अभियोजन • न्यायालय की कार्यवाही • अनुशासन समिति को भेजे गए मामलों के प्रकरण से संबंधित विषय
	बोर्ड सचिवालय प्रभाग • बोर्ड की बैठकें • कार्यनीति • संचार • संसद • एफएसडीसी से संबंधित मामले • वार्षिक रिपोर्ट
	आईबीसी पारिस्थितिकी तंत्र के लिए एकीकृत मंच
	सीवीओ/ सतर्कता और आरटीआई एफएए

आईबीबीआई के अधिकारी

(31 मार्च, 2024 की स्थिति के अनुसार)

क्र. सं.	नाम	पदनाम
1.	श्री शिव अनंत शंकर	सीजीएम
2.	श्री सी. रामचंद्र राव	जीएम
3.	श्री बी. शंकरनारायणन	जीएम
4.	श्री राजेश कुमार	जीएम
5.	श्री राजेश तिवारी	जीएम
6.	श्री सुशांत कुमार दास	डीजीएम
7.	श्री केशव कुमार गिरिधारी	डीजीएम
8.	श्री मयंक मेहता	डीजीएम
9.	श्री नीतीश सैनी	डीजीएम
10.	श्री रवि कुमार वशिष्ट	डीजीएम
11.	श्रीमती शालिनी शाह	डीजीएम
12.	श्री राहुल खन्ना	एजीएम
13.	श्री शेषाद्रि सरकार	एजीएम
14.	श्री अनिकेत शर्मा	एम
15.	श्री प्रतीक जैन	एम
16.	श्री राधा रमण कुमार	एम
17.	श्री राघव माहेश्वरी	एम
18.	सुश्री अर्चना शर्मा	एम
19.	श्री विनय पांडे	एम
20.	श्रीमती पूजा सिंगला	एम
21.	श्री असित बेहरा	एम
22.	श्री अंशुल अग्रवाल	एम
23.	श्रीमती मेधा शेखर	एम
24.	श्रीमती मनप्रीत कौर	एम
25.	श्री अभिषेक मित्तापल्ली	एम
26.	श्री ओम प्रकाश	एम
27.	श्रीमती नमिशा सिंह	एम
28.	श्री दीप्तांशु सिंह	एम
29.	श्री यादविंदर सिंह	एम
30.	श्री राममिलन सिंह यादव	एम
31.	श्री सरम संतोष	एम
32.	श्री विकास चन्द्र विद्यार्थी	एएम
33.	श्री अशोक कुमार झा	एएम
34.	श्री नीरज कुमार	एएम

विषयवस्तु

व्यष्टियां	पृष्ठ संख्या
सारणियों की सूची.	**ix**
चित्रों की सूची.	**ix**
संक्षेपाक्षरों की सूची.	**x**
अध्यक्ष का कथन.	**1**
खः समीक्षाधीन वर्ष.	**3**
संहिता के तहत परिणाम.	3
वित्तीय सेवा प्रदाताओं समाधान.	4
प्री–पेकेज्ड दिवाला समाधान प्रक्रिया .	5
व्यैक्तिक प्रक्रिया.	5
दिवाला समाधान प्रक्रिया.	5
शोधन अक्षमता प्रक्रिया.	6
प्रमुख नीतिगत घटनाएं.	6
गः बोर्ड के कार्य.	**9**
अर्ध–विधायी कार्य.	9
सलाहकार समिति.	9
कार्यकारी कार्य.	9
सेवा प्रदाताओं का रजिस्ट्रीकरण.	9
आईआरपी का आरपी से प्रतिस्थापन.	9
आईपी का पैनल.	10
क्षमता निर्माण.	10
सतत व्यावसायिक शिक्षा.	10
सीमित दिवाला परीक्षा.	10
मूल्यांकन परीक्षाएँ.	11
रजिस्ट्रीकरण प्रदान करने से इनकार.	11
आईयू के पास उपलब्ध सूचना का विवरण.	11
शिकायत और परिवाद.	12
निरीक्षण और अन्वेषण .	13
आईबीबीआई द्वारा की गई अभियोजन कार्रवाई.	13
अर्ध–न्यायिक कार्य.	13
घः बोर्ड का कार्य–निष्पादन.	**15**

व्यष्टियां	पृष्ठ संख्या
ङः शासी बोर्ड का कार्य–निष्पादन.	**19**
शासी बोर्ड की बैठकें.	19
निष्पादन का मूल्यांकन.	19
आगामी मार्ग.	21
चः नीतियां, कार्यक्रम और कार्यकलाप.	**22**
च:1: सेवा प्रदाता.	22
परिपत्र.	23
च:2: प्रक्रियाएं.	25
च:3: हितधारकों का जुड़ाव.	27
शैक्षणिक जुड़ाव.	32
आईपी संगोष्ठी.	32
क्षमता निर्माण.	33
च:4: अनुसंधान.	35
छः परिणामों का विश्लेषण.	**36**
उभरते न्यायशास्त्र.	36
जः संहिता का प्रभाव.	**40**
झः बोर्ड का वित्तीय कार्य–निष्पादन.	**43**
ञः सांविधिक दायित्वों के साथ अनुपालन.	**44**
टः संगठनात्मक मामले.	**51**
उत्तरदायित्व केंद्र.	51
शासी बोर्ड.	51
लेखा परीक्षा समिति.	51
अनुशासन समिति.	51
आतंरिक शिकायत समिति.	52
मानव संसाधन.	52
अनुसंधान एसोसिएट.	52
कर्मचारी.	52
आईबीबीआई इंटर्नशिप दिशानिदेश, 2023.	52
इन्टर्न्स.	52
प्रशिक्षण कार्यक्रम और सम्मेलन.	52
वर्ष के दौरान अन्य कार्यकलाप.	54
सूचना का अधिकार एवं पारदर्शिता.	54

सारणियों की सूची

क्र. सं.	सारणियों की सूची	पृष्ठ संख्या
सारणी 1	आईआरपी, परिसमापन और स्वैच्छिक परिसमापन प्रक्रियाओं का सारांश	3
सारणी 2	समाधान का विवरण वित्तीय सेवा प्रदाताओं का समाधान	4
सारणी 3	31 मार्च 2024 की स्थिति के अनुसार पीपीआईआरपी के चालू मामले	5
सारणी 4	व्यैक्तिक प्रत्याभूतिदाताओं का दिवाला समाधान	5
सारणी 5	2023–24 में नीति और नियामक विकास का कालानुक्रम	6
सारणी 6	सेवा प्रदाताओं का रजिस्ट्रीकरण और एएफए विवरण	9
सारणी 7	31 मार्च 2024 तक आईआरपी का आरपी से प्रतिस्थापन	9
सारणी 8	2023–24 के दौरान तैयार किए गए आईपी पैनल	10
सारणी 9	31 मार्च, 2024 की स्थिति के अनुसार आईपी द्वारा अर्जित सीपीई घंटे	10
सारणी 10	2023–24 में आयोजित मूल्यांकन परीक्षाओं का सारांश	11
सारणी 11	एनईएसएल के पास उपलब्ध जानकारी का विवरण	12
सारणी 12	31 मार्च, 2024 तक शिकायतों और परिवादों की प्राप्ति और निस्तारण	12
सारणी 13	आईबीबीआई द्वारा आईपी के किए गए निरीक्षण	13
सारणी 14	आईबीबीआई द्वारा अभियोजन कार्रवाई	13
सारणी 15	आईपी के विरुद्ध कारण बताओ नोटिस जारी करना और उसका निपटान करना	13
सारणी 16	आरवी/ आरवीई/ आरवीओ के विरुद्ध कारण बताओ नोटिस जारी करना और निस्तारण	14
सारणी 17	शासी बोर्ड की बैठकों में उपस्थिति	19
सारणी 18	2023–24 में शासी बोर्ड का निष्पादन	19
सारणी 19	सेवा प्रदाताओं के क्षेत्र में महत्वपूर्ण नियामक और नीतिगत विकासक्रम	22
सारणी 20	बोर्ड द्वारा 2023–24 पत्र गए में जारी	23
सारणी 21	2023–24 के दौरान प्रक्रियाओं से संबंधित विनियामक विकास	25
सारणी 22	2023–24 में बोर्ड द्वारा आयोजित पक्ष–समर्थन और जागरूकता कार्यक्रम	27
सारणी 23	2023–24 में आयोजित निबंध प्रतियोगिता	32
सारणी 24	2023–24 में आयोजित मूट कोर्ट प्रतियोगिता	32
सारणी 25	मार्च 2024 के अंत तक आईपी के लिए क्षमता निर्माण पहल	33
सारणी 26	2023–24 के दौरान अनुसंधान पहल और प्रकाशन	35
सारणी 27	उभरती न्याय–प्रणाली का सारांश, 2023–24	36
सारणी 28	वित्तीय वर्ष 2023–24 के लिए आय और व्यय विवरण	43
सारणी 29	सांविधिक दायित्वों के अनुपालन का विवरण	44
सारणी 30	31 मार्च, 2024 की स्थिति के अनुसार आईबीबीआई का शासी बोर्ड	51
सारणी 31	अनुशासन समिति का गठन	52
सारणी 32	आईबीबीआई के कर्मचारी	52
सारणी 33	2023–24 के दौरान आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम जिनमें आईबीबीआई के अधिकारियों ने भाग लिया	53
सारणी 34	आईबीबीआई द्वारा अपने अधिकारियों के लिए आयोजित किए गए प्रशिक्षण कार्यक्रम	53
सारणी 35	आरटीआई आवेदनों और प्रथम अपीलों की प्राप्ति और निस्तारण	55

चित्रों की सूची

चित्र 1:	परिसमापन आदेशों तक ले जाने वाले समाधान का अनुपात	40

संक्षेपाक्षरों की सूची

एए	न्यायनिर्णयन प्राधिकारी
एएआरवीएफ	मूल्यांकक और रजिस्ट्रीकृत मूल्यांकक प्रतिष्ठान
एसी	सलाहकार समिति
एएफए	कार्य के लिए प्राधिकृत करना
एजीएम	सहायक महाप्रबंधक
एएम	सहायक प्रबंधक
एआर	प्राधिकृत प्रतिनिधि
एसोचैम	एसोसिएटेड चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ऑफ इंडिया
बीआईएफआर	औद्योगिक और वित्तीय पुनर्गठन बोर्ड
बोर्ड/आईबीबीआई	भारतीय दिवाला और शोधन अक्षमता बोर्ड
बोर्ड विनियमन	आईबीबीआई (शासी बोर्ड की बैठकों की प्रक्रिया) विनियमन, 2016
बीएसई	बंबई स्टॉक एक्सचेंज
बीटी	शोधन अक्षमता न्यासी
सी–एजी	भारत के नियंत्रक और महालेखापरीक्षक
सीएफआरएएल	उन्नत वित्तीय अनुसंधान और शिक्षण केंद्र
सीडी	कारपोरेट देनदार
सीईओ	मुख्य कार्यकारी अधिकारी
सीआईएन	कारपोरेट पहचान संख्या
सीआईआरपी(एस)	कारपोरेट दिवाला समाधान प्रक्रिया(एं)
सीआईआरपी विनियम	आईबीबीआई (कारपोरेट व्यक्तियों के लिए दिवाला समाधान प्रक्रिया) विनियमन, 2016
सीओसी	लेनदारों की समिति
संहिता/ आईबीसी	दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता, 2016
सीजीएम	मुख्य महा प्रबंधक
सीएलआरए	लेनदार प्रणेत समाधान अनुसंधान
सीपीई	सतत व्यावसायिक शिक्षा
सीपीआईओ	केन्द्रीय लोक सूचना अधिकारी
सीपीजीआरएएमएस	केंद्रीकृत लोक शिकायत निवारण और अनुश्रवण प्रणाली
डीसी	अनुशासनात्मक समिति
डीजीएम	उप–महाप्रबंधक
डीआरटी	ऋण उगाही अधिकरण
ईडी	कार्यपालक निदेशक
ईपीएफओ	कर्मचारी भविष्य निधि संगठन
एफएए	प्रथम अपीलीय प्राधिकारी
एफसीडीओ	विदेश, कॉमनवेल्थ और विकास कार्यालय
एफएसडीसी	वित्तीय स्थिरता और विकास परिषद
एफआईएसपी	वित्तीय सेवा प्रदाता
जीए/पीए	सामान्य सहायक/ व्यैक्तिक सहायक
जीबी	शासी बोर्ड
जीएम	महाप्रबंधक
जीएसटी	वस्तुएं और सेवाएं कर
एचसी	उच्च न्यायालय
आईएआईआर	इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ इंसॉल्वेंसी रेग्यूलेटर्स
आईबीए	इंडियन बैंक एसोसिएशन
आईसीएआई(लागत)	भारतीय लागत लेखाकार संस्थान
आईसीएआई आरवीओ	आईसीएआई रजिस्ट्रीकृत मूल्यांकक संगठन
आईसीएमएस	दिवाला मामला प्रबंधन प्रणाली
आईसीएसआई	भारतीय कंपनी सचिव संस्थान
आईसीएसआई आईआईपी	आईसीएसआई दिवाला व्यावसायिक संस्थान
आईआईसीए	भारतीय कारपोरेट कार्य संस्थान
आईआईआईपीआई	भारतीय आईसीएआई दिवाला व्यावसायिक संस्थान
आईआईएम	भारतीय प्रबंधन संस्थान
आईआईवीआरवीएफ	आईआईवी भारतीय रजिस्ट्रीकृत मूल्यांकक प्रतिष्ठान
आईआईआरपी	व्यैक्तिक दिवाला समाधान प्रक्रिया
आईएम	सूचना ज्ञापन

आईएमएफ	अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष
आईओवी	आईओवी रजिस्ट्रीकृत मूल्यांकक प्रतिष्ठान
आईपी(एस)	दिवाला व्यावसायिक(कों)
आईपी विनियमन	भारतीय दिवाला और शोधन अक्षमता बोर्ड (दिवाला व्यावसायिक) विनियमन, 2016
आईपीए(ज)	दिवाला व्यावसायिक अभिकरण/ अभिकरणों
आईपीएएस	इन्सोलवेंसी प्रेक्टिशनर्स ऑफ़ सिंगापुर लिमिटेड
आईपीए आईसीएआई	आईसीएआई (लागत) दिवाला व्यावसायिक अभिकरण
आईपीई(ज)	दिवाला व्यावसायिक एंटिटी/ इंटिटीज
आईआरपी	अंतरिम समाधान व्यावसायिक
आईआरपी पीजीसीडी नियम	दिवाला और शोधन अक्षमता (कारपोरेट देनदारों के व्यक्तिक प्रत्याभूतिदाताओं के लिए दिवाला समाधान प्रक्रिया के लिए न्यायानिर्नयन प्राधिकारी को आवेदन) नियम, 2019
आईएसटीएम	सचिवालयी प्रशिक्षण और प्रबंधन संस्थान
आईयू	सूचना उपयोगिता
आईयू विनियमन	भारतीय दिवाला और शोधन अक्षमता बोर्ड (सूचना उपयोगिता) विनियमन, 2017
आईवीएएस	इंस्टीट्यूट ऑफ़ वैल्यूर्स एंड अप्रेजर्स, सिंगापुर
आईवीएससी	इंटरनेशनल वैल्यूएशन स्टेन्डर्स काउंसिल
परिसमापन प्रक्रिया विनियम	आईबीबीआई (परिसमापन प्रक्रिया) विनियम, 2016
एम	प्रबंधक
एमसीए	कारपोरेट कार्य मंत्रालय
एमडी	प्रबंध निदेशक
आदर्श उप–नियम विनियम	आईबीबीआई (दिवाला व्यावसायिक अभिकरणों के आदर्श उप नियम और शासी परिषद) विनियम, 2016
एमओयू	समझौता–ज्ञापन
एमएसएमई	सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम
एनईएसएल	नेशनल ई–गवर्नेंस सर्विस लिमिटेड
एनसीएलएटी	राष्ट्रीय कंपनी विधि अपीलीय अधिकरण
एनसीएलटी	राष्ट्रीय कंपनी विधि अधिकरण
एनएलयूडी	राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय, दिल्ली
एनएलयू	राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय
एनपीए	अनर्जक परिसंपत्तियाँ
एनपीसी	राष्ट्रीय उत्पदकता परिषद
एनपीएस	राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली
पीडीएनएएसएस	पंडित दीन दयाल उपाध्याय राष्ट्रीय समाज सुरक्षा संस्थान
पीजी	व्यैक्तिक प्रत्याभूतिदाता
सीडी के पीजी विनियम (आईआईआरपी)	आईबीबीआई (कारपोरेट देनदारों के व्यक्तिगत प्रत्याभूतिदाताओं के लिए दिवाला समाधान प्रक्रिया) विनियम, 2016
सीडी के पीजी विनियम (शोधन अक्षमता प्रक्रिया)	आईबीबीआई (कारपोरेट देनदारों के व्यक्तिगत प्रत्याभूतिदाताओं के लिए शोधन अक्षमता प्रक्रिया) विनियम, 2019
पीएचडीसीसीआई	पीएचडी चैंबर ऑफ़ कामर्स एंड इंडस्ट्री
पीपीआईआरपी	प्रि–पैकेज्ड दिवाला समाधान प्रक्रिया
आर, सी – एसएआरजी	जोखिम, अनुपालन और तनावग्रस्त परिसंपत्ति समाधान समूह
आरए	समाधान आवेदक
आरबीआई	भारतीय रिजर्व बैंक
आरएफआरपी	समाधान योजना के लिए अनुरोध
आरओडी	व्यतिक्रम का अभिलेख
आरपी	समाधान व्यावसायिक
आरटीआई	सूचना का अधिकार
आरवी(ज)	रजिस्ट्रीकृत मूल्यांकक/ मूल्यांककों
आरवीई	रजिस्ट्रीकृत मूल्यांकक एंटिटी
आरवीओ(ज)	रजिस्ट्रीकृत मूल्यांकक संगठन/ संगठनों
आरवीओ ईएसएमए	आरवीओ संपदा प्रबंधक और मूल्यांकक प्रतिष्ठान
एससी	उच्चतम न्यायालय
एससीबीज	अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक
एससीएन	कारण बताओ सूचना
एससीसी	हितधारक परामर्श समिति
एसआरए	सफल समाधान आवेदक
यूएनआईईआरओआईटी	अंतरराष्ट्रीय व्यक्तिगत विधि एकीकरण संस्थान
स्वैच्छिक परिसमापन विनियम	आईबीबीआई (स्वैच्छिक परिसमापन प्रक्रिया) विनियम नियम, 2017
डब्ल्यूटीएम	पूर्णकालिक सदस्य

अध्यक्ष का कथन

1.1 दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता, 2016 (संहिता/आईबीसी) के प्रदर्शन के संदर्भ में वर्ष 2023–24 अपनी आरम्भ के बाद से ही असाधारण रहा है। संहिता के अधीन परिणामों को बेहतर बनाने के लिए सक्रिय उपायों के नेतृत्व में, इस वित्त वर्ष में एनसीएलटी द्वारा रिकॉर्ड संख्या में 269 समाधान योजनाओं को स्वीकृति दी गई, जो पिछले वित्त वर्ष से 42% की उल्लेखनीय वृद्धि है, पिछले वर्ष 189 समाधान हुए थे। संहिता के अधीन प्रस्तावों की कुल संख्या अब 947 तक पहुंच गई है, जिसमें लेनदारों ने स्वीकार किए गए दावों के समक्ष 32% और परिसमापन मूल्य के समक्ष 162% की वसूली की है। परिसमापन की संख्या के लिए समाधानों की संख्या का अनुपात भी पिछले वित्त वर्ष में 0.46 से बढ़कर वित्त वर्ष 2023–24 में 0.61 हो गया।

1.2 ऋण चूक के शीघ्र निपटान की दिशा में देनदारों के व्यवहार में उल्लेखनीय परिवर्तन का श्रेय आईबीसी को दिया जाता है। इस आशय से, वित्त वर्ष 2024 में आईबीसी ने संहिता की धारा 12क के अधीन वापसी के माध्यम से 308 सीडी को 159 में द्विविभाजित करके बचाया है और हितधारकों ने अपील/समीक्षा/निपटान होने पर 149 मामलों को वापस लिया है।

1.3 संहिता की प्रभावशीलता इस तथ्य से सबसे अच्छी तरह परिलक्षित होती है कि यह लंबे समय से लंबित या निष्क्रिय मामलों को पुनर्जीवित करने में सक्षम है। आईबीसी के अधीन समाधानित लगभग 40% मामले पहले बीआईएफआर या निष्क्रिय मामलों के साथ थे। इस तथ्य के बावजूद कि ये मामले बीआईएफआर में लटके हुए थे या अन्यथा निष्क्रिय थे, आईबीसी ने ऐसे मामलों में लेनदारों के लिए स्वीकार किए गए दावों का लगभग 20% और परिसमापन मूल्य का 155% वसूल किया।

1.4 वसूली के आंकड़ों से परे संहिता के प्रभाव का अध्ययन करने के लिए, आईआईएम अहमदाबाद ने ऐसी फर्मों के समाधान के बाद के प्रदर्शन को मापने के लिए संहिता के अधीन प्रक्रिया से गुजरने वाली फर्मों का महत्वपूर्ण अध्ययन किया। अध्ययन में पाया गया कि कुल मिलाकर इन फर्मों के प्रदर्शन में समाधान के बाद काफी सुधार हुआ है और लाभप्रदता, तरलता, गतिविधि और टर्नओवर अनुपात में स्पष्ट लाभ हुआ है।

1.5 संहिता के अधीन किए गए उपर्युक्त कदम सरकार, न्यायालयों और अधिकरणों और आईबीबीआई के कहने पर सक्रिय उपायों, नीतिगत परिवर्तनों और व्यापक हितधारक जुड़ाव के कारण हुए हैं। आईबीबीआई ने वित्त वर्ष 2023–24 में 12 संशोधन विनियमों को अधिसूचित किया और 12 परिपत्र जारी किए। मैं वित्त वर्ष 2023–24 के दौरान आईबीबीआई द्वारा उठाए गए कुछ महत्वपूर्ण उपायों का उल्लेख करना चाहूंगा। सबसे पहले और सबसे महत्वपूर्ण, भू–संपदा मामलों में घर खरीदने वालों के हित में, आईबीबीआई ने संबंधित विनियमों में संशोधन किया ताकि समाधान व्यावसायिक को उनके समाधान को प्रोत्साहित करने के लिए, घर खरीदने वालों के हितों की रक्षा के लिए, भू–संपदा मामले के भीतर प्रत्येक परियोजना के लिए अलग–अलग समाधान योजनाएं आमंत्रित करने की अनुमति मिल सके, बोर्ड ने ऐसी परिसंपत्तियों को परिसमापन संपदा से बाहर रखने की अनुमति दी।

1.6 दावेदारों के लाभ के लिए और दावेदारों को अपने दावे फ़ाइल करने में सुविधा प्रदान करने के लिए, विशेष रूप से कई हितधारकों से जुड़े बड़े और जटिल मामलों में, आईबीबीआई ने सीआईआरपी विनियमों में संशोधन किया ताकि दावा फ़ाइल करने की अवधि आरएफआरपी जारी होने की तारीख तक या दिवाला शुरू होने की तारीख से 90 दिन, जो भी बाद में हो, तक बढ़ा दी जा सके। संहिता के अधीन समाधान योजना के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए, बोर्ड ने सीआईआरपी विनियमों में संशोधन किया ताकि सीओसी योजना के कार्यान्वयन के लिए निगरानी समिति गठित करने की आवश्यकता पर विचार कर सके। परिसमापन प्रक्रिया में पारदर्शिता में सुधार करने और परिसमापक द्वारा परिसंपत्तियों की निजी बिक्री की अनुमति देने वाले उपबंधों के दुरुपयोग को रोकने के लिए, आईबीबीआई ने परिसमापन विनियमों में संशोधन किया, जिसमें परिसमापक को सीडी की किसी भी परिसंपत्ति की निजी बिक्री करने से पहले एससीसी से अनिवार्य रूप से परामर्श करने की आवश्यकता थी। वर्ष के दौरान शुरू किए गए अनेक उपायों के अलावा ये सभी उपाय संहिता के अंतर्गत प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करने में सहायक हैं।

1.7 हितधारकों की सहभागिता आईबीबीआई के नियामक हस्तक्षेपों की आधारशिला रही है। वित्त वर्ष 2023–24 के दौरान, आईबीबीआई ने 3 आईपी कॉन्क्लेव और 52 गोलमेज सम्मेलन, वेबिनार और पक्ष–समर्थन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए। इन कार्यक्रमों ने नियामक के लिए साउंडिंग बोर्ड के रूप में काम किया है, हस्तक्षेप के

लिए संभावित नए क्षेत्रों को सामने लाया है, बाजार की विफलताओं को ठीक किया है, दिवाला व्यावसायिकों के आचरण की निगरानी की है आदि। वर्ष के दौरान हितधारकों के समर्थन से बोर्ड की अनुसंधान पहलों को भी मजबूत किया गया। आईआईएम अहमदाबाद ने आईबीबीआई के सहयोग से मार्च, 2024 में दिवाला और शोधन अक्षमता पर अपनी पहली वार्षिक शोध कार्यशाला आयोजित की, जिसमें 20 शोध पत्र प्रस्तुत किए गए और विभिन्न हितधारकों ने भाग लिया। हितधारकों के योगदान से वित्त वर्ष 24 में दो आईबीबीआई शोध प्रकाशनों का प्रकाशन भी हुआ।

1.8 प्रतिस्पर्धी हितों वाले कई हितधारकों द्वारा अभियोजनों के कारण अक्सर होने वाली देरी, पहले से ही संकटग्रस्त सीडी के मूल्य को और कम कर देती है, और लेनदारों के लिए वसूली मूल्य को कम कर देती है। आईबीबीआई के पास मौजूद समाधान डेटा से संकेत मिलता है कि कम समय सीमा के भीतर सुलझाए गए मामलों में वसूली दर अधिक होती है, जबकि लंबी समाधान अवधि से वसूली दरों में कमी देखी जाती है। इसलिए, सभी हितधारकों के लिए सभी के सामूहिक हित में प्रक्रिया के दौरान निर्णय लेने में तेजी लाना महत्वपूर्ण है।

1.9 जैसे ही संहिता का अगले वित्तीय वर्ष में प्रवेश होता है, क्षितिज पर सुधार के लिए नए क्षेत्र उभर आते हैं। सरकार ने आईबीसी के अधीन एकीकृत प्रौद्योगिकी प्लेटफ़ॉर्म स्थापित करने का निर्णय लिया है, जिसे एक अत्याधुनिक इलेक्ट्रॉनिक प्लेटफ़ॉर्म के रूप में परिकल्पित किया गया है, जो आईबीसी पारिस्थितिकी तंत्र के स्तंभ निर्मित करने वाली प्रमुख संस्थाओं को एकीकृत करेगा और संहिता के अधीन सभी प्रक्रियाओं के लिए एकीकृत मामला प्रबंधन प्रणाली के रूप में काम करेगा। अगले वित्त वर्ष में प्रवेश करते हुए, आईबीबीआई समाधान प्रक्रिया को और अधिक सुव्यवस्थित करने, पारदर्शिता बढ़ाने तथा आईबीसी की प्रभावशीलता को बढ़ाने के लिए विनियामक आवश्यकताओं पर अधिक स्पष्टता प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

(रवि मितल)

ख समीक्षाधीन वर्ष

संहिता के तहत परिणाम

2.1 इस खंड में आरपी द्वारा प्रदान किए गए डेटा का उपयोग करते हुए, दिवाला कार्यवाही के परिणामों के आधार पर 2023–24 के दौरान मुख्य परिणाम प्रस्तुत किए गए हैं। संहिता के अन्य परिणामों को इस रिपोर्ट के अन्य खंडों में वर्णित किया गया है।

2.2 मार्च, 2023 के अंत तक प्रक्रियाओं का सारांश – सीआईआरपी, कारपोरेट परिसमापन और स्वैच्छिक परिसमापन सारणी 1 में प्रस्तुत है।

सारणी 1: सीआईआरपी, परिसमापन और स्वैच्छिक परिसमापन प्रक्रियाओं का सारांश

(संख्या, यथा–कथित को छोड़कर)

फ़ाइल किए गए, बंद किए गए और जारी सीआईआरपी मामले		
	31 मार्च, 2024 तक	2023–24 में
फ़ाइल किए गए सीआईआरपी मामलों की कुल संख्या	7567	987
बंद किए गए कुल सीआईआरपी मामले	5647	1020
अपील / समीक्षा / निपटाए गए / अन्य द्वारा बंद किए गए:	1154	149
धारा 12क के अधीन वापसी	1070	159
समाधान योजना का अनुमोदन	947	269
परिसमापन का प्रारंभ	2476	443
जारी सीआईआरपी	1920	
समाधान में समाप्त होने वाले सीआईआरपी		
समाधान में समाप्त होने वाले मामलों की संख्या	947	269
लिया गया समय:		
0–180 दिन	8	0
181–270 दिन	54	10
270+ दिन	885	259
औसत दिन	679	849
कुल स्वीकृत दावे (करोड़ रुपये में)	1046283	174291
एफसी के फ़ाइल किए गए दावे	946606	162597
ओसी के फ़ाइल किए गए दावे	99677	11694
वसूली योग्य कुल राशि (करोड़ रुपये में)	335901	47653
एफसी द्वारा वसूली योग्य राशि	325236	46205
ओसी द्वारा वसूली योग्य राशि	10665	1448
फ़ाइल किए गए दावों के % के रूप में दावेदारों द्वारा वसूली योग्य कुल राशि	32.10	27.34
एफसी द्वारा फ़ाइल के गए दावों के % के रूप में वसूली योग्य राशि	34.36	28.42
ओसी द्वारा फ़ाइल के गए दावों के % के रूप में वसूली योग्य राशि	10.70	12.38
परिसमापन मूल्य (करोड़ रुपये में)	207653	34559
परिसमापन मूल्य के % के रूप में दावेदारों द्वारा वसूली योग्य कुल राशि	161.76	137.89
मामलों की संख्या जहां वसूली परिसमापन मूल्य से कम है	237	79
समाधान मामलों में बीआईएफआर / निष्क्रिय कंसर्न	375	119

परिसमापन में समाप्त होने वाले सीआईआरपी		
	31 मार्च, 2024 तक	2023–24 में
परिसमापन में समाप्त होने वाले मामलों की संख्या	2476	443
लिया गया समय		
0–180 दिन	190	40
181–270 दिन	433	43
270+ दिन	1853	360
औसत दिन	495	673
कुल दावाः (करोड़ रुपये में)	1100745	141234
एफसी के दावे	999743	130367
ओसी के दावे	101002	10867
परिसमापन मूल्य (करोड़ रुपये में)	69634	5255
फ़ाइल किए गए कुल दावों के % के रूप में परिसमापन मूल्य	6.33	3.72
ऐसे मामलों की संख्या जिनमें समाधान योजना (योजनाएं) प्राप्त हुई हैं	582	99
स्वैच्छिक परिसमाप		
वर्ष के आरंभ में स्वैच्छिक परिसमापन	–	472
शुरू किए गए	1895	334
वापस लिए गए	34	12
अंतिम रिपोर्ट प्रस्तुत की गई	1393	326
जारी परिसमापन	468	468
परिहार लेनदेन		
आईपीज द्वारा फ़ाइल किए गए अनियमित लेनदेन के संबंध में आवेदनों की संख्या	1237	–
अनियमित लेनदेन के संबंध में आवेदनों में निहित राशि (करोड़ रुपये में)	370942	–

वित्तीय सेवा प्रदाताओं का समाधान

2.3 सभी चार वित्तीय सेवा प्रदाताओं (एफआईएसपी) अर्थात दीवान हाउसिंग फाइनेंस कॉरपोरेशन लिमिटेड, श्रेई इक्विपमेंट फाइनेंस लिमिटेड, श्रेई इंफ्रास्ट्रक्चर फाइनेंस लिमिटेड और रिलायंस कैपिटल लिमिटेड के सीआईआरपी ने संहिता के अधीन समाधान प्राप्त किया है।

सारणी 2: समाधान का विवरण वित्तीय सेवा प्रदाताओं का समाधान

(राशि ₹ करोड़ में)

क्र. सं.	समाधान के अंतर्गत निपटाए गए वित्तीय लेनदारों के दावे					समाधान आवेदक
	एफआईएसपी का नाम	स्वीकृत राशि	वसूली गई राशि	स्वीकृत दावों के % के रूप में वसूली	परिसमापन मूल्य के % के रूप में वसूली	
1	दीवान हाउसिंग फाइनैंस कारपोरेशन लिमिटेड	87247.68	37167.00	42.60%	138.42%	पिरामल केपिटल – हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड
2	श्रेई इक्विपमेंट फाइनेंस लिमिटेड	33050.43	13784.76	42.12%	280.74%	नेशनल एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड

3	श्रेई इंफ्रास्ट्रक्चर फाइनेंस लिमिटेड					नेशनल एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड
4	रिलायंस कैपिटल लिमिटेड	26088.97	9661.00	37.03%	73.42%	इंडसइंड इंटरनेशनल होल्डिंग्स लिमिटेड

प्री–पैकेज्ड दिवाला समाधान प्रक्रिया

2.4 केंद्र सरकार ने 11 अगस्त, 2021 को दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता (संशोधन) अधिनियम, 2021 लागू किया, जिसे 4 अप्रैल, 2021 को लागू माना गया, जिसमें कारपोरेट एमएसएमई के लिए पीपीआईआरपी की शुरुआत की गई। आईबीबीआई के पास उपलब्ध जानकारी के अनुसार, 31 मार्च, 2024 तक पीपीआरआईपी शुरू करने के लिए दस आवेदन स्वीकार किए गए हैं, जिनमें से एक को वापस ले लिया गया है और पाँच मामलों में समाधान योजनाओं को स्वीकृति दे दी गई है, यानी अमृत इंडिया लिमिटेड, सुदल इंडस्ट्रीज लिमिटेड, श्री राजस्थान सिंटेक्स लिमिटेड, एनएन टी इंटरनेशनल लिमिटेड और जीसीसीएल इंफ्रास्ट्रक्चर एंड प्रोजेक्ट्स लिमिटेड। चल रहे मामलों का विवरण सारणी 3 में प्रस्तुत किया गया है।

सारणी 3: 31 मार्च 2024 की स्थिति के अनुसार पीपीआईआरपी के चालू मामले

क्र. सं.	सीडी का नाम	प्रवेश की तारीख	एनसीएलटी पीठ का नाम
1	मुद्रा लाइफस्पेस प्राइवेट लिमिटेड	06.12.23	मुंबई
2	केथोस टाइल्स प्राइवेट लिमिटेड	04.01.24	अहमदाबाद
3	श्रीमती फैशन प्राइवेट लिमिटेड	05.01.24	कोलकाता
4	क्रेटोस एनर्जी एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड	01.02.24	मुंबई

व्यैक्तिक प्रक्रियाएँ

दिवाला समाधान प्रक्रिया

2.5 सीडी के पीजी संबंधी दिवाला समाधान और शोधन अक्षमता से संबंधित उपबंध 1 दिसंबर, 2019 को लागू हुए। आवेदकों, आईपी से प्राप्त जानकारी और एनसीएलटी और डीआरटी की विभिन्न बेंचों से एकत्र किए गए आंकड़ों के अनुसार, 31 मार्च, 2024 तक 2,800 आवेदन फ़ाइल किए गए हैं। 2,800 आवेदनों में से, आरपी की नियुक्ति से पहले 93 आवेदन वापस ले लिए गए/अस्वीकार कर दिए गए/निरस्त कर दिए गए और 1359 मामलों में आरपी नियुक्त किए गए। आरपी की नियुक्ति के बाद, 70 मामले वापस ले लिए गए/अस्वीकार कर दिए गए/निरस्त कर दिए गए और 383 मामले स्वीकार किए गए।

सारणी 4: व्यैक्तिक प्रत्याभूतिदाताओं का दिवाला समाधान

अवधि	फ़ाइल किए गए आवेदनों की संख्या	आरपी की नियुक्ति से पहले		उन मामलों की संख्या जहां आरपी नियुक्त किए गए हैं*	आरपी की नियुक्ति के बाद		स्वीकृत मामलों की संख्या
		वापस लिए गए आवेदनों की संख्या	अस्वीकार/निरस्त किए गए आवेदनों की संख्या		वापस लिए गए मामलों की संख्या	अस्वीकार/निरस्त किए गए आवेदनों की संख्या	
2019 – 20	26	0	0	2	0	0	0
2020 – 21	274	6	1	35	2	1	13
2021 – 22	995	15	15	425	0	7	35
2022 – 23	889	18	29	517	14	20	202
2023 – 24	616	3	6	380	14	12	133
कुल	**2800**	**42**	**51**	**1359**	**30**	**40**	**383**

**इसमें स्वीकृत मामले और आरपी की नियुक्ति के बाद वापस लिए गए या निरस्त किए गए मामले शामिल हैं।*

2.6 फ़ाइल किए गए 383 मामलों में से 124 को बंद कर दिया गया है। इनमें से 12 को वापस ले लिया गया है; 86 को पुनर्भुगतान योजना जमा न करने या अस्वीकार करने पर बंद कर दिया गया है; और 26 ने पुनर्भुगतान योजना को स्वीकृति दे दी है। लेनदारों को 102.78 करोड़ रुपये की वसूली हुई है., जो उनके स्वीकृत दावे का 2.16% है।

शोधन अक्षमता प्रक्रिया

2.7 यदि समाधान प्रक्रिया विफल हो जाती है या पुनर्भुगतान योजना लागू नहीं होती है, तो देनदार या लेनदार शोधन अक्षमता प्रक्रिया शुरू करने के लिए आवेदन कर सकता है। आवेदकों से प्राप्त जानकारी, आईपी और एनसीएलटी और डीआरटी की विभिन्न पीठों से एकत्र किए गए डेटा के अनुसार, 31 मार्च, 2024 तक 37 शोधन अक्षमता आवेदन फ़ाइल किए गए हैं।

प्रमुख नीतिगत विकास

2.8 वर्ष 2023–24 के दौरान दिवाला और शोधन अक्षमता के क्षेत्र में प्रमुख नीति और नियामक विकास, जिसमें अन्य प्राधिकरणों और नियामक निकायों द्वारा प्रदान की गई सुविधाएं भी शामिल हैं, सारणी 5 में प्रस्तुत किए गए हैं।

सारणी 5: 2023–24 में नीति और नियामक विकास का कालानुक्रम

तारीख	विकास
24.05.2023	संहिता के अधीन लेनदार के नेतृत्व वाले समाधान दृष्टिकोण के लिए विनियामक ढांचे की अनुशंसा करने के लिए आईबीबीआई द्वारा गठित विशेषज्ञ समिति ने अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की, जिसमें संहिता के अंतर्गत कारपोरेट दिवाला प्रक्रिया को तेज करने के लिए 'अदालत के बाहर' शुरू की गई सीएलआरए का विवरण दिया गया है।
14.06.2023	केंद्र सरकार ने उन स्थितियों में संहिता के अधीन स्थगन के उपबंधों को लागू करने से छूट देने के लिए अधिसूचना जारी की है, जहां सीडी ने तेल क्षेत्र (विनियमन और विकास) अधिनियम, 1948 के अधीन अनुबंध, लाइसेंस, पट्टे आदि में प्रवेश किया है।
14.06.2023	आईबीबीआई ने परिपत्र जारी कर संहिता की धारा 7 और 9 के अधीन आवेदन फ़ाइल करने वाले लेनदारों को सलाह दी कि वे अपने आवेदन के साथ आईयू द्वारा जारी आरओडी संलग्न करें।
20.07.2023	आईबीबीआई ने सीआईआरपी विनियमों में संशोधन करके स्पष्ट किया कि विनियमन 31क (1) के अधीन विनियामक शुल्क उन मामलों में देय नहीं होगा जहां किसी भूजनाओं के समाधान के लिए आईबीसी संपदा परियोजना के संबंध में अनुमोदित समाधान योजना किसी एसोसिएशन या आवंटियों के समूह की ओर से है।
20.07.2023	आईबीबीआई ने 'स्नातक दिवाला कार्यक्रम' का नाम बदलकर 'स्नातकोत्तर दिवाला कार्यक्रम' करने के लिए आईपी विनियमों में संशोधन किया।
20.07.2023	आवास और शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा गठित विरासत में अटकी भू–संपदा परियोजनाओं के पुनर्वास पर विशेषज्ञ समिति ने अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की, जिसमें अन्य बातों के साथ–साथ अंतिम उपाय के रूप में परियोजनाओं के समाधान के लिए आईबीसी के प्रयोग की सिफारिश की गई है।
01.09.2023	आईबीबीआई ने आईपी के रूप में कार्य करने वाले आईपीई को आईबीबीआई की वेबसाइट पर सीआईआरपी प्ररूप जमा करने की ऑनलाइन सुविधा देने के लिए परिपत्र जारी किया।
18.09.2023	आईबीबीआई ने सीआईआरपी विनियमों में संशोधन किया है, ताकि अन्य बातों के साथ–साथ आरपी को सीडी की परिसंपत्तियों की अभिरक्षा और नियंत्रण लेने में सुविधा हो, तथा लेनदारों के एक वर्ग के एआर के प्रतिस्थापन के लिए प्रावधान किया जा सके, जिसमें उसके कर्तव्यों और शुल्कों के लिए उपबंध शामिल हैं।
18.09.2023	आईबीबीआई ने आईपी विनियमों में संशोधन करके आईपी के नामांकन और रजिस्ट्रीकरण दोनों प्रक्रियाओं के लिए एकीकृत आवेदन प्रपत्र शुरू किया है तथा रजिस्ट्रीकरण की स्वीकृति या रजिस्ट्रीकरण देने से प्रथम दृष्टया इंकार करने की सूचना देने की समयसीमा को कम कर दिया है।

तारीख	विकास
18.09.2023	आईबीबीआई ने आईपीए आदर्श उप–नियम विनियमों में संशोधन किया है, जिसमें अन्य बातों के साथ–साथ आईपीए द्वारा एकीकृत आवेदन (नामांकन के लिए) के अनुमोदन के लिए 60 दिन की समय–सीमा और बोर्ड को (रजिस्ट्रीकरण के लिए) उसे अग्रेषित करने के लिए 30 दिन की समय–सीमा निर्धारित की गई है।
28.09.2023	आईबीबीआई ने परिसमापन प्रक्रिया विनियमन के विनियमन 4(2)(ख़) के अधीन परिसमापक शुल्क की गणना को स्पष्ट करने के लिए परिपत्र जारी किया।
03.10.2023	केंद्र सरकार ने मोबाइल उपकरणों में अंतरराष्ट्रीय हितों पर केप टाउन कन्वेंशन और विमान उपकरणों से संबंधित मामलों पर मोबाइल उपकरणों में अंतरराष्ट्रीय हितों पर कन्वेंशन के प्रोटोकॉल के अधीन किए गए लेनदेन, व्यवस्थाओं या समझौतों पर आईबीसी के अधीन स्थगन की प्रयोज्यता से छूट देने के लिए एक अधिसूचना जारी की।
20.10.2023	केंद्र सरकार ने कंपनी (निगमन) तृतीय संशोधन नियम, 2023 को अधिसूचित किया है, ताकि किसी कंपनी के रजिस्ट्रीकृत कार्यालय को स्थानांतरित करने की अनुमति दी जा सके, जिसमें संहिता के अधीन अनुमोदित समाधान योजना के आधार पर नए प्रबंधन ने कार्यभार संभाला हो।
21.12.2023	आईबीबीआई ने आईआरपी पीजीसीडी नियमों के प्ररूप सी के भाग IV में लेनदार(ओं) द्वारा फ़ाइल आवेदन में आईपी द्वारा विवरण और घोषणा प्रस्तुत करने के संबंध में स्पष्टीकरण प्रदान करने के लिए एक परिपत्र जारी किया।
18.01.2024	आईबीबीआई ने सीमित दिवाला परीक्षा और मूल्यांकन परीक्षा दोनों के लिए दो लगातार प्रयासों के बीच समय अवधि को 2 महीने से घटाकर 21 दिन करने के लिए परिपत्र जारी किया।
31.01.2024	आईबीबीआई ने आईपीए मॉडल उप–नियम विनियमों में संशोधन किया है, ताकि आईपी द्वारा धारित एएफए की वैधता को आईआरपी, आरपी, बीटी आदि के रूप में आईपी की नियुक्ति के लिए तैयार किए गए आईपी पैनलों की वैधता के साथ संरेखित किया जा सके।
31.01.2024	आईबीबीआई ने आईपी विनियमों में संशोधन किया, ताकि अन्य बातों के साथ–साथ आईपी को लेनदारों/हितधारकों, जैसा भी मामला हो, की निर्दिष्ट अनुशंसा और एए के अनुमोदन के अध्यधीन, किसी असाइनमेंट से त्यागपत्र देने की अनुमति दी जा सके।
31.01.2024	आईबीबीआई ने स्वैच्छिक परिसमापन प्रक्रिया विनियमों में संशोधन किया, जिसमें अन्य बातों के साथ–साथ स्वैच्छिक परिसमापन आरंभ करने से पहले लंबित कार्यवाही या अभियोजन का खुलासा करने और कारपोरेट व्यक्ति के विघटन से पहले कारपोरेट स्वैच्छिक परिसमापन खाते में निधियों पर अधिकार का दावा करने के लिए हितधारक के लिए प्रक्रिया का प्रावधान किया गया है।
31.01.2024	आईबीसी के अंतर्गत प्रक्रियाओं के संबंध में मध्यस्थता के उपयोग के दायरे की जांच करने के लिए आईबीबीआई द्वारा गठित विशेषज्ञ समिति ने संहिता के अंतर्गत मध्यस्थता के लिए स्व–स्पष्ट बल्यूप्रिंट और बुनियादी ढांचे का विवरण देते हुए अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की।
31.01.2024	आईबीबीआई ने पीजी से सीडी विनियमन (आईआईआरपी और शोधन अक्षमता प्रक्रिया) में संशोधन किया है, ताकि अन्य बातों के साथ–साथ पीजी से सीडी प्रक्रिया में आरपी या बीटी के रूप में किसी आईपी की नियुक्ति पर प्रतिबंध को हटाया जा सके, यदि उसने सीडी की सीआईआरपी या परिसमापन प्रक्रिया के दौरान आईआरपी, आरपी या परिसमापक के रूप में कार्य किया है या कर रहा है।
01.02.2024	आईबीबीआई ने परिपत्र जारी कर अन्य बातों के साथ–साथ आईपीई, जो कि आईपी है, के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही शुरू करने की प्रक्रिया को स्पष्ट किया, तथा यह भी स्पष्ट किया है कि आईपीई द्वारा आईपी के रूप में किए जाने वाले असाईनमेंट्स की कोई सीमा नहीं होगी।

तारीख	विकास
01.02.2024	आईबीबीआई ने परिपत्र जारी कर अन्य बातों के साथ–साथ यह स्पष्ट किया है कि यदि आईपी द्वारा किसी व्यावसायिक को विभिन्न सेवाओं के लिए नियुक्त किया जाता है, तो उसके लिए चालान उस व्यावसायिक, आईपीई या फर्म के नाम पर जारी किया जा सकता है, जिसमें वह व्यावसायिक भागीदार है।
06.02.2024	वित्त संबंधी संसदीय स्थायी समिति ने 'दिवाला एवं शोधन अक्षमता संहिता का कार्यान्वयन – कमियां और समाधान' विषय पर अपनी 32वीं रिपोर्ट (सत्रहवीं लोक सभा) में निहित सिफारिशों/टिप्पणियों पर सरकार द्वारा की गई कार्रवाई पर अपनी 67वीं रिपोर्ट प्रस्तुत की।
12.02.2024	आईबीबीआई ने परिसमापन प्रक्रिया विनियमों में संशोधन करते हुए अन्य बातों के साथ–साथ यह प्रावधान किया है कि जहां कहीं भी सीडी ने किसी भू–संपदा परियोजना में आवंटी को कब्जा दिया है, ऐसी परिसंपत्ति परिसमापन संपदा का हिस्सा नहीं होगी।
12.02.2024	आईबीबीआई ने परिपत्र जारी कर आरपी को सलाह दी कि वे सभी मामलों में संहिता की धारा 99 के अंतर्गत तैयार की गई रिपोर्ट की प्रति देनदार और लेनदार दोनों को उपलब्ध कराएं।
13.02.2024	आईबीबीआई ने परिपत्र जारी कर अन्य बातों के साथ–साथ यह प्रावधान किया है कि परिसमापक यह घोषित करेगा कि कंपनी आईबीसी की धारा 227 के अंतर्गत केंद्र सरकार द्वारा अधिसूचित एफआईएसपी श्रेणी के अंतर्गत आती है या नहीं और इसके लिए उपयुक्त विनियामक से पूर्व अनुमति प्राप्त की गई है या नहीं।
15.02.2024	आईबीबीआई ने सीआईआरपी विनियमों में संशोधन किया है, जिसमें अन्य बातों के साथ–साथ भू–संपदा सीडी की प्रत्येक भू–संपदा परियोजना के लिए अलग–अलग योजनाओं के आमंत्रण का प्रावधान है तथा सीओसी को समाधान योजना के कार्यान्वयन की देखरेख के लिए निगरानी समिति गठित करने में सक्षम बनाया गया है।
22.02.2024	आईबीबीआई ने परिपत्र जारी किया जिसमें अन्य बातों के साथ–साथ यह प्रावधान किया गया कि परिसमापक प्रगति रिपोर्ट एससीसी के साथ साझा करेगा तथा प्रारंभिक रिपोर्ट तैयार करते समय एससीसी की टिप्पणियां मांगेगा।
13.02.2024 और 22.04.2024	आईबीबीआई ने परिपत्र जारी किया है, जिसमें सीडी और कारपोरेट व्यक्ति के विघटन से पहले क्रमशः कारपोरेट परिसमापन खाते और कारपोरेट स्वैच्छिक परिसमापन खाते में जमा की गई राशि की निकासी के लिए प्रपत्र निर्दिष्ट किए गए हैं।

ग बोर्ड के कार्य

3.1 संहिता की धारा 196 में बोर्ड के कार्यों का उल्लेख है, जिन्हें मोटे तौर पर तीन समूहों में बांटा जा सकता है, अर्थात्,

(क) **अर्ध–विधायी कार्य:** बोर्ड सेवा प्रदाताओं और प्रक्रियाओं को विनियमित करने के लिए विनियम बनाता है;

(ख) **कार्यकारी कार्य:** बोर्ड दिवाला प्रक्रिया के लिए सेवा प्रदाताओं को रजिस्ट्रीकृत और निगरानी करता है तथा शिक्षा, परीक्षा, प्रशिक्षण और सीपीई आदि के माध्यम से हितधारकों के व्यावसायिक विकास के लिए उपाय करता है; और

(ग) **अर्ध–न्यायिक कार्य:** बोर्ड सेवा प्रदाताओं द्वारा किए गए उल्लंघनों पर निर्णय लेता है ताकि उनका व्यवस्थित कामकाज सुनिश्चित हो सके।

3.2 इनमें से प्रत्येक कार्य को आगे बढ़ाने के लिए 2023–24 के दौरान बोर्ड द्वारा की गई कार्रवाइयों को इस धारा में सूचीबद्ध किया गया है।

अर्ध–विधायी कार्य

3.3 2023–24 में बोर्ड ने कुछ विद्यमान विनियमों में संशोधन किए, जैसा कि खंड ख़ में वर्णित है। विनियमों में इन संशोधनों का विवरण रिपोर्ट के खंड ग के प्रासंगिक उप–खंडों के अधीन प्रदान किया गया है।

सलाहकार समितियाँ

3.4 आईबीबीआई ने आईबीबीआई (सलाहकार समिति) विनियम, 2017 के अनुसार निम्नलिखित तीन स्थायी सलाहकार समितियों (एसी) का गठन किया है।

i. सेवा प्रदाताओं पर एसी[1]

ii. कारपोरेट दिवाला और परिसमापन पर एसी[2]

iii. व्यक्तिगत दिवाला और शोधन अक्षमता पर एसी[3]

कार्यकारी कार्य

3.5 परिचालन विनियमन अधिसूचित विनियमों को दिन–प्रतिदिन लागू करने की प्रक्रिया है, ताकि इच्छित उद्देश्यों को प्राप्त किया जा सके। विनियमों को प्रभावी ढंग से संचालित करने के लिए, कई गतिविधियाँ की जाती हैं, जो कार्यकारी कार्यों की प्रकृति की होती हैं।

सेवा प्रदाताओं का रजिस्ट्रीकरण

3.6 31 मार्च, 2024 तक, आईबीबीआई के साथ रजिस्ट्रीकृत सेवा प्रदाताओं का विवरण सारणी 6 में प्रस्तुत किया गया है।

सारणी 6: सेवा प्रदाताओं का रजिस्ट्रीकरण और एएफए विवरण

सेवा प्रदाता	संख्या	
	31 मार्च, 2024 तक	2023–24 में
रजिस्ट्रीकृत दिवाला व्यावसायिक	4352*	116
रजिस्ट्रीकृत दिवाला व्यावसायिक (आईपीई)	75	34
मान्यता प्राप्त दिवाला व्यावसायिक संस्थाएं	122#	15
रजिस्ट्रीकृत आईपीए	3	शून्य
रजिस्ट्रीकृत सूचना उपयोगिता	1	शून्य
रजिस्ट्रीकृत मूल्यांकक – व्यक्ति	5532@	250
रजिस्ट्रीकृत मूल्यांकक – संस्थाएं	110	26
रजिस्ट्रीकृत मूल्यांकक संगठन	15	शून्य
आईपीए द्वारा जारी/नवीनीकृत असाइनमेंट के लिए कुल प्राधिकरण	2170^	2180

नोट: 1 *उन 12 मामलों को छोड़कर, जिनमें रजिस्ट्रीकरण रद्द कर दिया गया है और 30 मामलों को छोड़कर, जिनमें व्यक्तियों की मृत्यु हो गई है।
2. #उन 46 आईपीई को छोड़कर, जिनकी मान्यता रद्द कर दी गई है।
3. @उन 4 आरवी को छोड़कर, जिनका रजिस्ट्रीकरण रद्द कर दिया गया है।
4. ^उन 1080 एएफए को छोड़कर, जिनकी अवधि समाप्त हो गई है/नवीनीकरण नहीं हुआ है।

आईआरपी को आरपी से प्रतिस्थापित करना

3.7 31 मार्च, 2024 तक कुल 5705 आईआरपी को आरपी के रूप में नियुक्त किया गया है, जैसा कि सारणी 7 में दिखाया गया है।

सारणी 7: 31 मार्च, 2024 तक आईआरपी को आरपी से प्रतिस्थापित करना

द्वारा आरंभ सीआईआरपी	सीआईआरपी की संख्या	
	जहां आरपी की नियुक्ति की गई है	जहां आरपी आईआरपी से भिन्न है
कारपोरेट आवेदक	408	153
ऑपरेशनल क्रेडिटर	2433	806
वित्तीय क्रेडिटर	2864	629
कुल	**5705**	**1588**

[1]एसी का कार्यकाल 24 सितंबर, 2020 से 11 जून, 2023 तक था
[2]एसी का कार्यकाल 26 मई 2020 से 25 मई 2023 तक था
[3]इसका गठन 15 सितंबर, 2017 को तीन वर्ष की अवधि के लिए किया गया। कार्यकाल पूरा होने के बाद समिति का पुनर्गठन नहीं किया गया।

आईपी का पैनल

3.8 आईबीबीआई ने वर्ष के दौरान आईपी के दो पैनल तैयार किए जैसा कि सारणी 8 में दर्शाया गया है।

सारणी 8: 2023–24 के दौरान तैयार किए गए आईपी पैनल

क्र. सं.	पैनल की तारीख	दिशानिदेशों के अधीन तैयार किए गए पैनल	पैनल में क्षेत्रों की संख्या	पैनल में आईपी की संख्या
1	01.07.2023	दिवाला व्यावसायिकों को अंतरिम समाधान व्यावसायिक, परिसमापक, समाधान व्यावसायिक और शोधन अक्षमता ट्रस्टी के रूप में कार्य करने के लिए (सिफारिश) दिशानिदेश, 2023, 12 जून, 2023 को जारी किए गए	15	418
2	29.12.2023	दिवाला व्यावसायिकों को अंतरिम समाधान व्यावसायिक, परिसमापक, समाधान व्यावसायिक और शोधन अक्षमता ट्रस्टी के रूप में कार्य करने के लिए (सिफारिश) (दूसरी) दिशानिदेश, 2023 08 दिसंबर, 2023 को जारी किए गए	15	821

क्षमता निर्माण

3.9 समीक्षाधीन वर्ष के दौरान, आईबीबीआई ने आईबीसी पारिस्थितिकी तंत्र के हितधारकों के लाभ के लिए कई क्षमता निर्माण कार्यक्रम आयोजित किए, जिनका विवरण इस रिपोर्ट के खंड ज.3 में प्रस्तुत किया गया है।

सतत व्यावसायिक शिक्षा (सीपीई)

3.10 आईपी विनियमों में प्रावधान है कि आईपी को अपना रजिस्ट्रीकरण वैध रखने के लिए सीपीई से गुजरना होगा। आईपी द्वारा अर्जित सीपीई घंटों का विवरण सारणी 9 में प्रस्तुत किया गया है।

सारणी 9: 31 मार्च, 2024 की स्थिति के अनुसार आईपी द्वारा अर्जित सीपीई घंटे

अवधि	के सदस्यों द्वारा अर्जित सीपीई घंटों की संख्या			
	आईआईआईपीं आईसीएआई	आईसीएसआई आईआईपी	आईपीए आईसीएआई	कुल
2019 – 20	1160	695	320	2175
2020 – 21	18465	8746	4647	31858
2021 – 22	14123	7890	3872	25885
2022 – 23	22185	10732	3433	36350
अप्रैल – जून, 2023	1612	2726	661	4999
जुला– सित, 2023	1737	1694	848	4279
अक्तू – दिस, 2023	926	2700	1415	5041
जन – मार्च, 2024	1528	2715	791	5034
कुल	**61736**	**37898**	**15987**	**115621**
प्रति रजिस्ट्रीकृत आईपी औसत सीपीई	22.56	31.61	38.34	26.57

सीमित दिवाला परीक्षा

3.11 आईबीबीआई सीमित दिवाला परीक्षाका पाठ्यक्रम, प्रारूप आदि प्रकाशित करता है और इसे प्रासंगिक बनाए रखने तथा बाजार की गतिशीलता के अनुरूप बनाए रखने के लिए निरंतर आधार पर इसकी समीक्षा करता है। सीमित दिवाला परीक्षा 31 दिसंबर, 2016 को शुरू हुई।

3.12 2023–24 के दौरान कुल 571 अभ्यर्थियों ने 732 नामांकन किए। इन 571 अभ्यर्थियों में से 497 परीक्षा में शामिल हुए और कुल 627 प्रयास किए, जिनमें से 96 प्रयास (15.3 प्रतिशत प्रयास या 16.8 प्रतिशत उम्मीदवार) सफल रहे। उनमें से 13 पूर्वी क्षेत्र से, 34 उत्तरी क्षेत्र से, 28 पश्चिमी क्षेत्र से और 21 दक्षिणी क्षेत्र से हैं।

मूल्यांकन परीक्षाएँ

3.13 आईबीबीआई ने 31 मार्च, 2018 को तीन परिसंपत्ति वर्गों (क) भूमि और भवन, (ख़) संयंत्र और मशीनरी, और (ग) प्रतिभूतियाँ या वित्तीय परिसंपत्तियों के लिए मूल्यांकन परीक्षाएँ शुरू कीं। 2023–24 में मूल्यांकन परीक्षाओं का सारांश सारणी 10 में प्रस्तुत है।

सारणी 10: 2023–24 में मूल्यांकन परीक्षाओं का सारांश **(संख्या)**

क्र सं.	परिसंपत्ति वर्ग	रजिस्ट्रीकृत अभ्यर्थी	कुल रजिस्ट्रीकरण	प्रयास करने वाले अभ्यर्थी	कुल प्रयास	सफल प्रयास
1.	भूमि और भवन	830	1161	785	1070	127
2.	संयंत्र और मशीनरी	139	184	133	174	25
3.	प्रतिभूतियाँ या वित्तीय परिसंपत्तियाँ	593	785	508	648	91

रजिस्ट्रीकरण देने से इनकार

3.14 आईबीबीआई ने 2023–24 में आईपी के लिए एक आवेदक को रजिस्ट्रीकरण देने से इनकार कर दिया।

आईयू के पास उपलब्ध जानकारी का विवरण

3.15 31 मार्च, 2024 के अंत तक आईयू के पास उपलब्ध जानकारी का विवरण सारणी 11 में प्रस्तुत किया गया है।

सारणी 11: एनईएसएल के पास उपलब्ध जानकारी का विवरण

(संख्या, जैसा कहा गया है उसे छोड़कर)

वर्ष/माह के अंत में	एनईएसएल के साथ सहमति रखने वाले लेनदार		लेनदार जिन्होंने सूचना प्रस्तुत कर दी है		देनदार जिनकी सूचना निम्न द्वारा प्रस्तुत की गई है		द्वारा ऋण अस्मिलेख ऑन–बोर्ड किए गए		शेष ऋण की राशि (करोड़ रुपये में)		प्रयोक्ता रजिस्ट्रीकरण (देनदार)	देनदारों द्वारा अधिप्रमाणित किए गए ऋण अभिलेख		देनदारों द्वारा प्रमाणित चूकों की संख्या
	एफसी	ओसी	एफसी	ओसी	एफसी	ओसी	एफसी	ओसी	एफसी	ओसी	देनदारों की संख्या	अभिलेखों की संख्या	मूल्य (करोड़ रुपये में)	
2018 – 19	173	एनए	114	169	1266445	230	1955230	316	4114988	16224	15148	13799	48,428	54
2019 – 20	267	एनए	381	543	6551739	6191	9417317	167719	7873689	31910	73332	109726	118428	240075
2020 – 21	289	एनए	621	675	8988348	9066	14565545	292206	13195075	36770	139980	283839	499957	442584
2021 – 22	347	एनए	692	779	9494394	3312	14039325	185166	14539538	42894	241753	514932	682369	299584
2022–23	415	एनए	770	1204	18391569	11529	25946358	333694	18829291	53691	678212	802698	812320	612901
2023–24	515	एनए	922	2022	25414547	15469	38507605	406943	21321068	74677	1320691	1254272	1594838	612784

शिकायतें और परिवाद

3.16 31 मार्च, 2024 तक शिकायतों एवं परिवादों की प्राप्ति एवं निस्तारण का विवरण सारणी 12 में दिया गया है।

सारणी 12: 31 मार्च, 2024 तक शिकायतों एवं परिवादों की प्राप्ति एवं निस्तारण

(संख्या)

वर्ष	प्राप्त हुई शिकायतें और परिवाद						कुल		
	विनियमों के अधीन		सीपीजीआरएएम/पीएमओ/एमसीए/अन्य प्राधिकरण के माध्यम से		अन्य माध्यमों से		प्राप्त हुए	निपटाए गए	परीक्षाधीन
	प्राप्त हुए	निपटाए गए	प्राप्त हुए	निपटाए गए	प्राप्त हुए	निपटाए गए			
2017 – 2018	18	0	6	0	22	2	46	2	44
2018 – 2019	111	51	333	290	713	380	1157	721	480
2019 – 2020	153	177	239	227	1268	989	1660	1393	747
2020 – 2021	268	260	358	378	990	1364	1616	2002	361
2021 – 2022	276	279	574	570	611	784	1461	1633	189
2022 – 2023	235	211	399	386	238	272	872	869	192
2023 – 2024	209	193	435	452	311	271	955	916	231
कुल	**1270**	**1171**	**2344**	**2303**	**4153**	**4062**	**7767**	**7536**	**231**

3.17 यह पाया गया है कि 83.38 प्रतिशत प्रक्रियाओं के संबंध में कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। शिकायतों के मामले में शीर्ष 10 प्रक्रियाओं में कुल शिकायतों का 46.08 प्रतिशत हिस्सा है, जबकि शेष में 53.92 प्रतिशत शिकायतें हैं।

3.18 यह देखा गया है कि 63.40 प्रतिशत आईपी के संबंध में कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई है, जिन्होंने कोई प्रक्रिया की है। शिकायतों के मामले में शीर्ष 10 आईपी में कुल शिकायतों का 42.01 प्रतिशत हिस्सा है, जबकि शेष में 47.99 प्रतिशत शिकायतें हैं। यह देखा गया है कि ज्यादातर शिकायतें सीडी के प्रवर्तकों और निदेशकों से प्राप्त होती हैं, जबकि अधिकांश शिकायतें घर खरीदारों से प्राप्त होती हैं।

निरीक्षण और अन्वेषण

3.19 बोर्ड द्वारा किए गए आईपी के निरीक्षणों का विवरण सारणी 13 में प्रस्तुत किया गया है।

सारणी–13: आईबीबीआई द्वारा आयोजित आईपी के निरीक्षण *(संख्या)*

निरीक्षण	2017–18	2018–19	2019–20	2020–21	2021–22	2022–23	2023.24
आदेश किए गए	2	10	55	62	106	358	223
पूरे किए गए	0	3	27	53	54	337	263
जारी	2	9	37	46	98	119	79

आईबीबीआई द्वारा अभियोजन कार्रवाई

3.20 वर्ष 2023–24 में दो मामलों में न्यायालयों ने संज्ञान लिया। वर्ष के दौरान, विशेष न्यायालयों ने आईबीबीआई द्वारा फाइल शिकायतों के आधार पर अपराधों का संज्ञान लिया, जिसमें सारणी 14 में प्रस्तुत संहिता के उपबंधों के उल्लंघन के लिए कई व्यक्तियों के विरुद्ध मुकदमा चलाने की मांग की गई थी।

सारणी 14: आईबीबीआई द्वारा की गई अभियोजन संबंधी कार्रवाई

क्र. सं.	शिकायत विवरण	विशेष न्यायालय	उल्लंघन
1	आईबीबीआई बनाम हार्दिक झांब	विशेष न्यायालय, द्वारका, नई दिल्ली	संहिता की धारा 235 (क) के साथ पठित धारा 70.
2	आईबीबीआई बनाम मुकेश कुमार एवं अन्य.	विशेष न्यायालय, द्वारका, नई दिल्ली	संहिता की धारा 235 (क) के साथ पठित धारा 68 और 70.

अर्ध–न्यायिक कार्य

3.21 आईबीबीआई और आईपीए अड़ियल सेवा प्रदाताओं के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू करते हैं। आईबीबीआई द्वारा 2023–24 के दौरान आरवी/ आरवईज/आरवीओज के विरुद्ध की गई अनुशासनात्मक कार्रवाई का विवरण क्रमशः सारणी 15 और 16 में प्रस्तुत है।

सारणी 15: आईपी के विरुद्ध जारी कारण बताओ नोटिस और उनका निस्तारण *(संख्या)*

कारण बताओ नोटिस	2017–18	2018–19	2019–20	2020–21	2021–22	2022–23	2023–24
जारी किए गए	4	9	14	50	23	86	68
निपटाए गए	Nil	11	7	48	16	71	52*^
शेष	4	2	09	11	18	15	16

*ऐसे तीन आदेश हैं, जिनमें एक ही आईपी के दो एससीएन का एक ही आदेश द्वारा निपटारा किया गया।
^एससीएन को नए सिरे से सुनवाई और निपटान के लिए वापस भेजे जाने के बाद दो आदेश पारित किए गए।

सारणी 16: आरवी/आरवीई/आरवीओ के विरुद्ध कारण बताओ नोटिस जारी करना और निस्तारण

कारण बताओ नोटिस	2022–23	2023–24
जारी किए गए	16	1
निस्तारित किए गए	10	9
शेष	6	0
मूल्यांकन नियमावली 17(9) के अधीन निस्तारित अपीलें	0	4

3.22 डीसी ने आईपी से संबंधित 52 अनुशासनात्मक कार्यवाही पूरी की और 2023–24 के दौरान आदेश जारी किए।

3.23 प्राधिकरण ने कंपनी (रजिस्ट्रीकृत मूल्यांकक और मूल्यांकन) नियम, 2017 के नियम 17 के अधीन 13 कारण बताओ नोटिसों का निपटारा किया और 2023–24 के दौरान आदेश जारी किए।

घ बोर्ड का कार्य–निष्पादन

4.1 संहिता की धारा 196 में आईबीबीआई की शक्तियों और कार्यों का विवरण है। यह एक अनूठा नियामक है, जो दिवाला व्यवसाय के साथ–साथ दिवाला प्रक्रियाओं सहित सेवा प्रदाताओं को विनियमित करता है। इस पर संहिता के उद्देश्यों को आगे बढ़ाने में आईपी, आईपीए, आईयू और अन्य संस्थानों के कामकाज और प्रथाओं के विकास को बढ़ावा देने और विनियमित करने का उत्तरदायित्व है। यह प्रत्येक दिवाला और शोधन अक्षमता प्रक्रिया के बारे में प्रासंगिक डेटा और जानकारी एकत्र, व्यवस्थित और प्रसारित करता है और दिवाला और शोधन अक्षमता में अनुसंधान और अध्ययन का संचालन और प्रचार करता है। इन उत्तरदायित्वों के निर्वहन में धारा 196 में वर्णित कार्यों को पूरा करने के लिए अर्ध–विधायी, कार्यकारी और अर्ध–न्यायिक शक्तियों का प्रयोग विहित है। यह देश में मूल्यांककों के व्यवसाय के विनियमन और विकास के लिए कंपनी (रजिस्ट्रीकृत मूल्यांकक और मूल्यांकन) नियम, 2017 के अधीन 'प्राधिकरण' के रूप में भी कार्य करता है। यह प्राधिकरण के रूप में, आरवी और आरवीओ को रजिस्ट्रीकृत और नियंत्रित करता है।

4.2 वर्ष 2021 में, आईबीबीआई ने, संहिता से भिन्न, नियामक के रूप में अपने निष्पादन का मूल्यांकन करने के लिए अद्वितीय पहल की। तदनुसार, राष्ट्रीय अनुप्रयुक्त आर्थिक अनुसंधान परिषद द्वारा आईबीबीआई के प्रदर्शन के तीसरे पक्ष का मूल्यांकन किया गया और इसने *'भारतीय दिवाला और शोधन अक्षमता बोर्ड के विनियामक प्रदर्शन का मूल्यांकन'* शीर्षक से अंतिम रिपोर्ट प्रस्तुत की।

4.3 बोर्ड के कार्य–निष्पादन का मूल्यांकन करने के लिए रिपोर्ट में निर्धारित मूल्यांकन फ्रेमवर्क, परिणाम–आधारित फ्रेमवर्क और संकेतों के आधार पर, वर्ष के दौरान बोर्ड द्वारा पूरी की गई कुछ महत्वपूर्ण कार्यकलाप इस प्रकार हैं:

(क) सेवा प्रदाताओं का प्रतिस्पर्धी बाजार: बोर्ड बाजार व्यावसायिकों के उच्च गुणवत्ता वाले पूल को बनाए रखने का प्रयास जारी रखता है। इस संबंध में बोर्ड ने वर्ष के दौरान 116 व्यक्तियों को आईपी, 34 आईपीई को आईपी, 15 आईपीई, 250 आरवी और 26 आरवीई को रजिस्ट्रीकरण प्रदान किया। सेवा प्रदाताओं की क्षमता निर्माण के लिए बोर्ड ने वर्ष के दौरान 45 कार्यक्रम आयोजित किये। बाजार की गतिशीलता के संबंध में इसे प्रासंगिक बनाए रखने के लिए बोर्ड लगातार परीक्षा और मूल्यांकन परीक्षाओं की समीक्षा करता है। तदनुसार, परीक्षाओं की प्रभावशीलता में सुधार करने के लिए, बोर्ड ने दोनों परीक्षाओं के लिए दो लगातार प्रयासों के बीच की समयावधि को 2 महीने से घटाकर 21 दिन करने का निर्णय लिया। इस समायोजन ने अभ्यर्थियों को अधिक लचीलापन और सुधार के अवसर प्रदान किए, जिससे एक अधिक गतिशील और उत्तरदायी परीक्षा प्रणाली स्थापित हुई। संहिता के अधीन अपनी विस्तारित भूमिका निभाने के लिए आईपीई को सुविधा प्रदान करने सहित सेवा प्रदाता स्थान को सुव्यवस्थित करने के लिए, बोर्ड ने वित्त वर्ष 2023–24 में आईपी और आईपीए से संबंधित पांच संशोधन विनियम अधिसूचित किए।

(ख) दिवाला और शोधन अक्षमता प्रणालियों के कामकाज में सुधार: बोर्ड ने वित्त वर्ष 2023–24 में 12 संशोधन विनियमों को अधिसूचित किया, जिससे संहिता के अधीन प्रक्रियाओं में सुधार हुआ और दिवाला पारिस्थितिकी तंत्र को सुदृढ़ किया गया। इसके अलावा, बोर्ड ने समीक्षाधीन अवधि के दौरान 11 परिपत्र और 12 परिपत्र जारी किए।

(ग) अनुपालन और निगरानी के प्रति सुव्यवस्थित दृष्टिकोण: बोर्ड ने वर्ष के दौरान अपने निगरानी कार्यकलाप जारी रखे। बोर्ड ने 2023–24 में आईपी के 263 निरीक्षण पूरे किए और 68 आईपी और 7 आरवी/आरवीई/आरवीओ को एससीएन जारी किए।

(घ) प्राकृतिक न्याय पर आधारित न्यायिक कार्यवाही: डीसी ने आईपी से संबंधित 52 एससीएन का निस्तारण किया और प्राधिकरण ने प्राकृतिक न्याय और प्रक्रियात्मक और प्रशासनिक सिद्धांतों के अनुरूप वर्ष के दौरान आरवीओ/आरवीई/आरवी से संबंधित 13 एससीएन का निस्तारण किया।

(ङ) सेवा प्रदाताओं के विनियमन के प्रति जवाबदेही दृष्टिकोण: बोर्ड आईबीबीआई (विनियम जारी करने के लिए तंत्र), 2018 में विस्तृत नियमों को जारी करने के लिए व्यापक परामर्श प्रक्रिया का पालन करता है। बोर्ड ने विभिन्न विनियमों में प्रस्तावित संशोधनों के बारे में हितधारकों की टिप्पणियों को आमंत्रित करने के लिए 2023–24 के दौरान आठ चर्चा पत्र जारी किए। इसके अलावा, बोर्ड के पास वेबसाइट पर इलेक्ट्रॉनिक प्लेटफ़ॉर्म और समर्पित ईमेल (feedback@ibbi .gov.in) के माध्यम से पूरे वर्ष विद्यमान नियमों पर सुझाव प्राप्त करने की स्थायी व्यवस्था है। बोर्ड वार्षिक आधार पर संहिता के अधीन अधिसूचित विनियमों पर जनता से टिप्पणियां आमंत्रित करता है। बोर्ड ने 4 मई, 2023 को टिप्पणियां आमंत्रित की।

(च) पारदर्शी और जवाबदेह नियामक प्रथाएं: बोर्ड ने ऐसी प्रथाओं को शामिल किया है जो इसे पारदर्शी और जवाबदेह नियामक बनाती हैं। आईबीबीआई के जीबी ने वित्त वर्ष 2023–24 के लिए अपना स्व–मूल्यांकन किया, जिसके परिणाम इस रिपोर्ट के खंड ड में प्रस्तुत किए गए हैं। बोर्ड ने वित्त वर्ष 2023–24 के लिए अपनी कार्यनीतिक कार्य योजना तैयार की, जिसे समीक्षाधीन अवधि के दौरान कार्यान्वयन के लिए मॉनिटर किया गया। वित्त वर्ष 2023–24 के लिए बोर्ड की अर्ध–वार्षिक आंतरिक ऑडिट रिपोर्ट, वित्तीय विवरणों पर विचार करने के लिए समीक्षाधीन अवधि के दौरान आईबीबीआई की ऑडिट समिति की दो बार बैठक हुई और सी एंड एजी ने बोर्ड की वित्त वर्ष 2022–23 के लिए लेखापरीक्षा की और 2022–23 के लिए पृथक लेखा परीक्षा रिपोर्ट दी। जीबी ने 2023–24 में चार बैठकें अर्थात प्रत्येक तिमाही में एक बैठक आयोजित की। वर्ष के दौरान आयोजित प्रत्येक बैठक के लिए गवर्निंग बोर्ड के एजेंडे और उस पर लिए गए निर्णय का खुलासा बोर्ड की वेबसाइट पर किया गया। इसके अलावा, बोर्ड सेवा प्रदाताओं के रजिस्ट्रीकरण, नवीनीकरण, वापसी, निलंबन और रजिस्ट्रीकरण रद्द करने से संबंधित समस्त जानकारी अपनी वेबसाइट पर प्रकाशित करता है।

(छ) सभी हितधारकों के साथ स्पष्ट और लक्षित संचार: बोर्ड विभिन्न प्रारूपों के माध्यम से सभी हितधारकों के साथ बड़े पैमाने पर जुड़ता है जैसा कि इस रिपोर्ट के खंड ज.3 में बताया गया है। इसके अलावा, बोर्ड के पास (शिकायत और परिवाद प्रबंधन प्रक्रिया) विनियम, 2017 में यथा–निर्धारित हितधारकों की शिकायतों और परिवादों के निवारण के लिए संरचित प्रक्रिया है। बोर्ड अपनी वेबसाइट और त्रैमासिक समाचार–पत्रों पर समर्पित पोर्टल के माध्यम से संहिता के अंतर्गत प्रक्रियाओं और दिवाला पारिस्थितिकी तंत्र पर उच्च गुणवत्ता वाले विस्तृत डाटा प्रकाशित करता है।

4.4 विनियमन बनाने में बोर्ड द्वारा अपनाई जाने वाली परामर्श प्रक्रिया नीचे बॉक्स में प्रस्तुत है:

विनियमन तैयार करने के दौरान हितधारकों से परामर्श

नियामक निकायों को, प्रत्यायोजित विधायी शक्तियों का प्रयोग करते समय, विशेषज्ञता और सार्वजनिक जवाबदेही के बीच संतुलन बनाना चाहिए। यद्यपि संसद अधीनस्थ विधान की निगरानी करती है, फिर भी विनियमन बनाने में संरचित हितधारक जुड़ाव और पारदर्शिता नियामक प्रक्रिया की लोकतांत्रिक वैधता को मजबूत करती है।

विनियमों की आवधिक समीक्षा

निरंतर सुधार के लिए आईबीबीआई का समर्पण प्रत्येक विनियमन की हर तीन वर्ष में या यदि आवश्यक हो तो पहले भी, समीक्षा करने की इसकी प्रतिबद्धता में परिलक्षित होता है। ये समीक्षाएं उद्देश्यों की प्राप्ति, कार्यान्वयन अनुभव, प्रवर्तन चुनौतियों और बदलती बाजार स्थितियों पर विचार करती हैं। यह नियमित समीक्षा प्रक्रिया, चल रहे हितधारक फीडबैक के साथ मिलकर यह सुनिश्चित करने में मदद करती है कि नियामक ढांचा प्रासंगिक और प्रभावी बना रहे।

विनियमन बनाने की प्रणाली

आईबीबीआई ने नियामक हस्तक्षेप करने में कठोर पद्धति का बीड़ा उठाया है और इसके लिए स्वयं को प्रतिबद्ध किया है। 2018 में, आईबीबीआई ने विनियमन–निर्माण में सार्वजनिक भागीदारी के लिए औपचारिक रूपरेखा जारी की, जिसे आईबीबीआई (विनियम जारी करने के लिए तंत्र) विनियम, 2018 में संहिताबद्ध किया गया। ये विनियम सुनिश्चित करते हैं कि विनियामक निर्णय अलग–थलग विकसित होने के बजाय हितधारकों के साथ सक्रिय संवाद से सामने आए।

विनियम जारी करने के लिए इस तंत्र के तीन मूल पहलू हैं:

- मौजूदा विनियमों में संशोधन सहित प्रत्येक विनियमन (तत्काल विनियमों को छोड़कर) बनाने से पहले सार्वजनिक परामर्श आयोजित किया जाएगा। विनियम, 2018 में वह जानकारी निर्दिष्ट की गई है जो परामर्श से पहले और विनियमन जारी करने के समय प्रकाशित की जाएगी।
- आईबीबीआई प्रत्येक प्रस्तावित विनियमन का आर्थिक विश्लेषण करेगा और उसे प्रकाशित करेगा।
- हर तीन वर्ष में प्रभावी विनियमों की समीक्षा इस बात का मूल्यांकन करने के लिए की जाएगी कि उन्हें निरस्त या संशोधित करने की आवश्यकता है या नहीं। यह समीक्षा विषय पर उनके उद्देश्यों, परिणामों और अंतरराष्ट्रीय सर्वोत्तम प्रथाओं के संबंध में आयोजित की जाएगी।

व्यापक सार्वजनिक परामर्श प्रक्रिया

सार्वजनिक परामर्श प्रक्रिया आईबीबीआई के विनियामक मध्यवर्तन की नींव बनाती है। बोर्ड अपनी वेबसाइट पर प्रस्तावित विनियामक मध्यवर्तन सहित **चर्चा लेखों** को सार्वजनिक अभ्युक्तियों के लिए जारी करता है, जिसमें न्यूनतम 21 दिनों की परामर्श अवधि होती है।

बोर्ड द्वारा जारी किए गए चर्चा लेखों में कई प्रमुख घटक शामिल हैं। इनमें प्रस्तावित विनियमों का मसौदा और संहिता का विशिष्ट उपबंध शामिल है जिसके अधीन बोर्ड इन विनियमों का प्रस्ताव करता है। इन लेखों में उस समस्या का विवरण भी होता है जिन्हें प्रस्तावित विनियमन संबोधित करना चाहते हैं। इसके अतिरिक्त, वे प्रस्तावित विनियमों के कार्यान्वयन के तरीके के साथ–साथ सार्वजनिक अभ्युक्तियाँ प्राप्त करने के तरीके, प्रक्रिया और समयसीमा की रूपरेखा तैयार करते हैं।

बोर्ड सार्वजनिक अभ्युक्तियों की मांग करने के अलावा, उद्योग/संस्थानों/संगठनों के साथ सहयोग और हितधारकों के साथ गोलमेज विचार–विमर्श के माध्यम से विचार एकत्रित करता है। सभी अभ्युक्तियाँ और सुझाव आईबीबीआई के विचारों के साथ निर्णय के लिए शासी बोर्ड के समक्ष रखे जाते हैं। विनियमन बनाने की प्रक्रिया शासी बोर्ड की स्वीकृति के अनुसार आईबीबीआई द्वारा अंतिम अधिसूचना के साथ समाप्त होती है। नीचे दी गई तालिका बोर्ड द्वारा किए गए सार्वजनिक परामर्शों को प्रस्तुत करती है।

सार्वजनिक परामर्श	वर्ष								
	2016–17	2017–18	2018–19	2019–20	2020–21	2021–22	2022–23	2023–24	कुल
विमर्श लेख	7	11	9	20	5	10	6	8	76
हितधारकों के साथ गोलमेज सम्मेलन	8	44	22	22	18	12	6	5	137
अन्य कार्यक्रम	1	6	7	16	40	38	30	47	185

अभ्युक्तियों पर अभ्युक्तियाँ

आईबीबीआई, सर्वोत्तम विनियामक प्रथाओं पर चलते हुए, सार्वजनिक परामर्श प्रक्रिया में एक कदम आगे बढ़ गया है। आईबीबीआई न केवल सार्वजनिक अभ्युक्तियाँ आमंत्रित करता है, बल्कि अपनी वेबसाइट पर जनता से प्राप्त सभी अभ्युक्तियों के साथ–साथ प्राप्त टिप्पणियों पर बोर्ड की अपनी टिप्पणियों का भी खुलासा करता है। आईबीबीआई यह सुनिश्चित करने के साथ–साथ कि विनियमन पर अच्छी तरह से विचार–विमर्श किए गए हैं, व्यापक परामर्श किया गया है, यह व्यावहारिक है, और दिवाला और शोधन अक्षमता व्यवस्था के उद्देश्यों को आगे बढाने के उद्देश्य से हितधारकों की जरूरतों के अनुरूप है, जवाबदेही के साथ–साथ प्राधिकरण को प्रभावी ढंग से संतुलित करने का प्रयास भी करता है।

बाह्य प्रदर्शन मूल्यांकन

आईबीबीआई ने निरंतर सुधार करने की अपनी प्रतिबद्धता के अनुरूप, नेशनल काउंसिल ऑफ एप्लाइड इकोनॉमिक रिसर्च (एनसीएईआर) को अपने प्रदर्शन का बाह्य मूल्यांकन करने का कार्य सौंपा। यह दर्शाता है कि नियामक आत्मविश्वास और आत्म–आलोचनात्मक होने की इच्छुक है। मूल्यांकन कार्य में 97 प्रदर्शन संकेतकों का उपयोग करके आईबीबीआई की नियामक गुणवत्ता और प्रासंगिकता का आकलन किया गया। रिपोर्ट में कहा गया है कि "इस मूल्यांकन के परिणाम से इस बात की पुष्टि होती है कि आईबीबीआई एक प्रासंगिक, कुशल और उच्च गुणवत्ता वाला भारतीय नियामक है।"

आईपीए के माध्यम से हितधारक इनपुट

नियामक परामर्श प्रक्रिया उन आईपीए के इनपुट से और भी समृद्ध होती है, जो हितधारक परामर्श आयोजित करते हैं और विशेष अध्ययन समूहों का गठन करते हैं। उदाहरण के लिए, तीन आईपीए में से एक, आईआईआईपीआई ने अपने अध्ययन समूह के माध्यम से 'आईपी द्वारा अनुपालन रिपोर्टिंग में दोहराव/अतिरेक को दूर करने' पर रिपोर्ट प्रस्तुत की।

शासी बोर्ड के निर्णयों का प्रकटीकरण

विनियमन–निर्माण से लेकर आईबीबीआई के समग्र शासन तक पारदर्शिता परिलक्षित होती है। बोर्ड नियमित रूप से अपनी वेबसाइट पर शासी बोर्ड की बैठकों की कार्यसूची और निर्णयों को प्रकाशित करता है। यह प्रकटीकरण हितधारकों को यह समझने में सक्षम बनाता है कि बोर्ड हितधारकों और समग्र पारिस्थितिकी तंत्र के लाभ के लिए प्रत्येक नियामक मध्यवर्तन पर कैसे विचार करता है।

सूचना सुलभता

आईबीबीआई की वेबसाइट वन–स्टॉप रिपोजिटरी के रूप में कार्य करती है जो हितधारकों को दिवाला व्यवस्था से संबंधित सभी सूचनाओं तक पहुँच प्रदान करती है, जिसमें रिपोर्ट, विमर्श

लेख, विधिक ढांचा, प्रकाशन, नियामक अपडेट और न्यायालय के आदेश शामिल हैं, जो पारदर्शिता और सुगम्यता सुनिश्चित करते हैं।

उत्तरदायी नियामक विकास

आईबीसी, क्षेत्र–विशिष्ट बारीकियों और तेजी से विकसित हो रहे न्यायशास्त्र के साथ अपेक्षाकृत एक नया कानून है, इसमें अन्य स्थापित कानूनों की तुलना में उभरते बाजार की वास्तविकताओं के अनुरूप सतत रूप से नियामक परिशोधन की आवश्यकता है। आईबीबीआई का नियामक ढांचा संशोधनों को नीचे से ऊपर उठाने की सोच के साथ खड़ा है, जहां परिवर्तन ऊपर से नीचे लाने के निदेशों की बजाय मुख्य रूप से बाजार की प्रतिक्रिया और हितधारकों के इनपुट से संचालित होते हैं।

ङ शासी बोर्ड का कार्य–निष्पादन

5.1 आईबीबीआई का शासी बोर्ड (जीबी) इसे कार्यनीतिक दिशा प्रदान करता है और प्रबंधन को नियंत्रित और मॉनिटर करता है। आईबीबीआई (शासी बोर्ड की बैठकों के लिए प्रक्रिया) विनियम, 2017 (बोर्ड विनियम) के साथ पठित संहिता, जीबी के व्यवसाय और उक्त व्यवसाय के लेन–देन के तरीके को निर्दिष्ट करती है।

5.2 आईबीबीआई के अर्ध–विधायी, कार्यकारी और अर्ध–न्यायिक उत्तरदायित्व हैं। अर्ध–विधायी कार्य जीबी के अनन्य कार्यक्षेत्र हैं। अर्ध–न्यायिक कार्य डीसी के अनन्य कार्यक्षेत्र हैं जिनमें डब्ल्यूटीएम शामिल हैं। कार्यकारी कार्यों को आईबीबीआई (शक्तियों और कार्यों का प्रत्यायोजन) आदेश, 2017 के अनुसार बोर्ड के विभिन्न पदाधिकारियों द्वारा निष्पादित किया जाता है। बोर्ड विनियम बोर्ड के सदस्यों के लिए आचरण चार्टर निर्दिष्ट करते हैं। चार्टर का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि जीबी इस तरीके से आचरण करे जो अपने जनादेश को पूरा करने की अपनी क्षमता से समझौता न करे या अपने उत्तरदायित्वों के निर्वहन के लिए सदस्य (सदस्यों) की क्षमता में जनता के विश्वास को कम न करे।

शासी बोर्ड की बैठकें

5.3 2023–24 के दौरान जीबी की चार बैठकें हुईं। इन बैठकों में बोर्ड के सदस्यों की उपस्थिति का विवरण सारणी 17 में प्रस्तुत है।

सारणी 17: शासी बोर्ड की बैठकों में उपस्थिति

नाम	पद	2023–24 में आयोजित बोर्ड बैठकों की संख्या	
		पदासीन रहने के दौरान आयोजित	भाग लिया
श्री रवि मित्तल	अध्यक्ष	4	3
श्री सुधाकर शुक्ल	डब्ल्यूटीएम	4	4
डॉ. जयंती प्रसाद	डब्ल्यूटीएम	4	4
श्री संदीप गर्ग	डब्ल्यूटीएम	2	2
डॉ राजीव मणि	पदेन सदस्य	4	4
श्री उन्नीकृष्णन ए.	पदेन सदस्य	4	4
सुश्री अनिता शाह अकेला	पदेन सदस्य	4	3
सुश्री ऋतू जैन	पदेन सदस्य	4	2
श्री बी श्रीराम	अंशकालिक सदस्य	2	2
श्री दीनबंधु महापात्र	अंशकालिक सदस्य	शून्य	–
श्री एम. पी. राम मोहन	अंशकालिक सदस्य	शून्य	–

निष्पादन का आकलन

5.4 आईबीबीआई के जीबी ने समीक्षा तंत्र को सुदृढ़ करने की दिशा में एक कदम के रूप में, स्व–मूल्यांकन प्रश्नावली तैयार की। प्रश्नावली के बारे में सदस्यों के जवाबों के आधार पर, सारणी 18 में 2023–24 में जीबी के निष्पादन का सारांश प्रस्तुत किया गया है। कुल मिलाकर, जीबी ने स्वयं को निष्पादन मूल्यांकन के तीन आयामों में अच्छा निष्पादन करने के लिए मूल्यांकित किया है, साथ ही उन विशिष्ट क्षेत्रों को भी उजागर किया है जिनमें और सुधार की आवश्यकता है।

सारणी 18: 2023–24 में शासी बोर्ड का निष्पादन

आयाम	मापदंड	% प्राप्तांक	रेटिंग
बोर्ड की संरचना और गुणवत्ता	बोर्ड के सदस्यों का ज्ञान, अनुभव और कौशल बोर्ड के कार्यों और कर्तव्यों के पूरक हैं।	100	उत्कृष्ट
	हमारा संगठन कार्यनीतिक योजना या मापने योग्य लक्ष्यों और प्राथमिकताओं के साथ कार्य करता है।	95	उत्कृष्ट
	बोर्ड के सभी सदस्यों को संगठन की दृष्टि, मिशन, इसकी कार्यनीतिक दिशा और इसके उद्देश्यों को पूरा करने के लिए आवश्यक वित्तीय और मानव संसाधनों की स्पष्ट समझ है।	95	उत्कृष्ट

आयाम	मापदंड	% प्राप्तांक	रेटिंग
	बोर्ड ने अपने प्रत्येक प्रमुख हितधारकों के साथ संगठन के संबंधों की पहचान की है और उनकी समीक्षा की है और उनके साथ समुचित स्तर का संचार कायम है।	88	उत्कृष्ट
	बोर्ड की संरचनाएं (जैसे लेखापरीक्षा समिति) और प्रक्रियाएं (उदाहरण के लिए की गई कार्रवाई रिपोर्ट; कार्यनीतिक कार्य योजना) बोर्ड के निष्पादन की प्रभावी निगरानी का समर्थन करती हैं।	98	उत्कृष्ट
	बोर्ड की बैठकें स्वस्थ और संभावित चर्चाओं के साथ उच्च गुणवत्ता सहित चर्चा को प्रोत्साहित करती हैं।	100	उत्कृष्ट
	बोर्ड अपना अधिकांश समय दीर्घकालिक कार्यनीतिक और नीतिगत मुद्दों पर लगाता है।	85	उत्कृष्ट
	बोर्ड प्रभावी ढंग से शासी बोर्ड की बैठकों में शीर्ष प्रबंधन के माध्यम से अपनी कार्यनीतिक दिशा और मूल्यों का सम्प्रेषण करता है।	93	उत्कृष्ट
	बोर्ड आचरण के मानकों को पूरा कर रहा है और हितों के विवाद घोषितकर रहा है।	100	उत्कृष्ट
	खंडीय % प्राप्तांक	93	उत्कृष्ट
आयाम	**मापदंड**	**% प्राप्तांक**	**रेटिंग**
बोर्ड की बैठकें और प्रक्रियाएं	बोर्ड पर्याप्त नियमितता के साथ बैठकें करता है और बैठकों की आवृत्ति बोर्ड के अपने कर्तव्यों को ठीक से संपन्न करने के लिए पर्याप्त है।	100	उत्कृष्ट
	बोर्ड की बैठक की कार्यसूची और संबंधित पृष्ठभूमि के कागजात संक्षिप्त हैं और ये मामले पर निर्णय लेने के लिए उपयुक्त गुणवत्ता और विवरण की जानकारी प्रदान करते हैं।	98	उत्कृष्ट
	सभी जानकारी सदस्यों को बैठक के संबंध में समय पर भेजी जाती है।	100	उत्कृष्ट
	बोर्ड की बैठकों से उत्पन्न होने वाली कार्रवाइयों का ठीक से पालन किया जाता है और बाद की बोर्ड बैठकों में इनकी समीक्षा की जाती है।	100	उत्कृष्ट
	बोर्ड की बैठकों के कार्यवृत्त स्पष्ट, सटीक, सुसंगत और पूर्ण और समयबद्ध तरीके से अनुमोदित होते हैं।	100	उत्कृष्ट
	बोर्ड की बैठकों में बोर्ड के सदस्यों की उपस्थिति और भागीदारी की पर्याप्त है।	100	उत्कृष्ट
	सामरिक और सामान्य मुद्दों पर चर्चा पर लगाया गया समय पर्याप्त है।	90	उत्कृष्ट
	यह सुनिश्चित करने के लिए प्रक्रियाएं विद्यमानहैं कि बोर्ड को बैठकों के मध्य सभी भौतिक मामलों (समुचितबाह्य जानकारी, जैसे, विशेष नियामक परिवर्तन सहित) के बारे में पूरी तरह से सूचित किया जाए।	100	उत्कृष्ट
	खंडीय % प्राप्तांक	**98**	**उत्कृष्ट**
आयाम	**मापदंड**	**% प्राप्तांक**	**रेटिंग**
बोर्ड के कार्य और विकासक्रम	बोर्ड यह सुनिश्चित करता है कि उसे नियमित और समझने योग्य वित्तीय रिपोर्टें/विवरण प्राप्त हों।	100	उत्कृष्ट
	संगठन की स्वतंत्र लेखा–परीक्षा की प्रक्रिया की प्रामाणिकताको बनाए रखा जाता है।	95	उत्कृष्ट
	बोर्ड के पास शीर्ष प्रबंधन और अन्य लोगों के साथ सम्प्रेषण के खुले चैनल हैं और उन्हें ठीक से जानकारी दी जाती है।	93	उत्कृष्ट

	बोर्ड अपने शासन में पारदर्शिता और सर्वोत्तम प्रथाओं को बढ़ावा देते हुए प्रभावी निर्णय लेने और उनके कार्यान्वयन को सक्षम बनाने के लिए घटनाओं पर सकारात्मक और रचनात्मक प्रतिक्रिया देता है।	90	उत्कृष्ट
	बोर्ड के सदस्य हितधारकों के सर्वोत्तम हित में निष्पक्ष और सहयोगात्मक रूप से निर्णय लेते हैं और ऐसे निर्णयों के लिए सामूहिक रूप से उत्तरदायी महसूस करते हैं।	95	उत्कृष्ट
	बोर्ड के सदस्य आईबीबीआई के महत्वपूर्ण कार्यों अर्थात संहिता के उद्देश्यों को आगे बढाने में सेवा प्रदाताओं के विनियमन, संवर्धन और विकास को ध्यान में रखते हुए निर्णय लेते हैं।	98	उत्कृष्ट
	खंडीय % प्राप्तांक	**95**	**उत्कृष्ट**

आगामी मार्ग

5.5 उभरती चुनौतियों का तेजी से और कुशलता से समाधान किए जाने के साथ संहिता के अधीन दिवाला और शोधन अक्षमता व्यवस्था का विकास जारी है। संहिता का भावी रोडमैप तैयार किया जा रहा है। दिवाला फ्रेमवर्क के शेष तत्वों, अर्थात सीमा पार दिवाला; उद्यम समूह दिवाला; व्यैक्तिक दिवाला और शोधन अक्षमता आदि से संबंधित संहिता के भाग III के शेष तत्वों को स्थापित करना, और एमएसएमई के लिए पीपीआईआरपी फ्रेमवर्क को और सुदृढ़ करना, कुछ ऐसे मील के पत्थर हैं जिन्हें अभी तक संहिता की विकासवादी यात्रा में हासिल किया जाना है। इससे आगे बढ़ते हुए, सीआईआरपी और परिसमापन प्रक्रिया को और अधिक सुव्यवस्थित और तीव्र करने के उपाय और लेनदारों के नेतृत्व वाली समाधान प्रक्रिया और मध्यस्थता संबंधी आईबीबीआई की विशेषज्ञ समितियों की सिफारिशों पर नीतिगत चर्चा बोर्ड की नीतिगत कार्यसूची में शामिल होंगी।

च नीतियां, कार्यक्रम और कार्यकलाप

च.1 सेवा प्रदाता

6.1 संहिता के अधीन सेवा प्रदाताओं के क्षेत्र में महत्वपूर्ण नियामक और नीतिगत विकास सारणी 19 में प्रस्तुत किए गए हैं।

सारणी 19: सेवा प्रदाताओं के क्षेत्र में महत्वपूर्ण नियामक और नीतिगत विकासक्रम

तारीख	व्यष्टियाँ
	क. दिवाला व्यावसायिक / दिवाला व्यावसायिक एंटिटीज
आईपी विनियमों में संशोधन	
20.07.2023	आईबीबीआई ने भारतीय दिवाला एवं शोधन अक्षमता बोर्ड (दिवाला व्यावसायिक) (संशोधन) विनियम, 2023 को अधिसूचित किया। संशोधित विनियमों ने 'स्नातक दिवाला कार्यक्रम' का नाम बदलकर 'स्नातकोत्तर दिवाला कार्यक्रम' कर दिया है। आईपी विनियम के विनियम 5 के अधीन अर्हता और अनुभव मानदंड में आवश्यक संशोधन किए गए हैं।
18.09.2023	आईबीबीआई ने भारतीय दिवाला और शोधन अक्षमता बोर्ड (दिवाला व्यावसायिक) (दूसरा संशोधन) विनियम, 2023 को अधिसूचित किया। संशोधित विनियमः– (क) नामांकन और रजिस्ट्रीकरण प्रक्रिया दोनों के लिए सामान्य आवेदन पत्र प्रस्तुत करने में सक्षम बनाने के लिए एकीकृत नामांकन और रजिस्ट्रीकरण आवेदन पत्र प्रस्तुत किया; (ख) बोर्ड द्वारा आवेदक को रजिस्ट्रीकरण देने से प्रथम दृष्टया इनकार करने या (रजिस्ट्रीकरण के लिए) एकीकृत आवेदन की स्वीकृति के लिए समयसीमा कम कर दी; (ग) व्यावसायिक सदस्यता के आत्मसमर्पण, व्यावसायिक सदस्य के निष्कासन, किसी व्यक्ति की मृत्यु या किसी कंपनी, सीमित देयता भागीदारी या रजिस्ट्रीकृत भागीदारी फर्म, जो आईपी के रूप में रजिस्ट्रीकृत हैं, के समापन या विघटन के लिए बोर्ड द्वारा इसके प्रसंस्करण के लिए आवेदन की स्वीकृति के मामले में आईपीए द्वारा बोर्ड को सूचना प्रस्तुत करने की परिणामी विशेष प्रक्रिया शुरू की।
31.01.2024	आईबीबीआई ने भारतीय दिवाला और शोधन अक्षमता बोर्ड (दिवाला व्यावसायिक) (संशोधन) विनियम, 2024 को अधिसूचित किया। संशोधनः– (क) आईपी को सीआईआरपी, परिसमापन प्रक्रिया और पीजी से सीडी के दिवाला समाधान प्रक्रिया में असाइनमेंट से त्यागपत्र देने की अनुमति देने का प्रावधान प्रस्तुत किया, जो कि प्रक्रियाओं में संबंधित समितियों या देनदार या लेनदार, जैसा भी मामला हो, की अनुशंसा के अध्यधीन हो और इस पर एए का अनुमोदन प्राप्त हो। हालांकि, आईपी एए द्वारा त्यागपत्र की स्वीकृति मिलने तक अपने कर्तव्यों, कार्यों और जिम्मेदारियों का निर्वहन करना जारी रखेगा; (ख) आईपीई को आईपी के रूप में कार्य करने की अनुमति देने के लिए स्पष्टीकरण समाविष्ट किया गया, देनदार के मूल्यांकन और लेखा परीक्षा से संबंधित कार्य के अलावा अपने किसी भी असाइनमेंट से संबंधित किसी भी काम के लिए या उसके संबंध में अपने भागीदार या निदेशक, जैसा भी मामला हो, को नियुक्त करने की अनुमति और (ग) आईपी के रूप में कार्य करने वाले आईपीई को मूल्यांकन और लेखा परीक्षा से संबंधित सेवा के अलावा, किसी भी सेवा को प्रदान करने की अनुमति देने के लिए स्पष्टीकरण अंतःनिष्ठ किया गया, जो उसके किसी भी भागीदार या निदेशकों द्वारा किए जा रहे असाइनमेंट के संबंध में हो सकता है।
आईपी के पैनल के लिए दिशानिदेश	
12.06.2023	आईबीबीआई ने 1 जुलाई, 2023 से 31 दिसंबर, 2023 तक आईआरपी, परिसमापक, आरपी और बीटी की नियुक्ति के लिए दिवाला व्यावसायिकों को अंतरिम समाधान व्यावसायिक, परिसमापक, समाधान व्यावसायिक और शोधन अक्षमता ट्रस्टी के रूप में कार्य करने के लिए (अनुशंसा) दिशानिदेश, 2023' नाम से दिशानिदेश जारी किए।
08.12.2023	आईबीबीआई ने 1 जनवरी, 2024 से 30 जून, 2024 तक आईआरपी, परिसमापक, आरपी और बीटी की नियुक्ति के लिए दिवाला व्यावसायिकों को अंतरिम समाधान व्यावसायिक, परिसमापक, समाधान व्यावसायिक और शोधन अक्षमता ट्रस्टी के रूप में कार्य करने के लिए (अनुशंसा) (द्वितीय) दिशानिदेश, 2023' नाम से दिशानिदेश जारी किए।

तारीख	विकासक्रम
	ख. दिवाला व्यावसायिक अभिकरण
आदर्श उप–विधि विनियमों में संशोधन	
18.09.2023	आईबीबीआई ने भारतीय दिवाला और शोधन अक्षमता बोर्ड (दिवाला व्यावसायिक अभिकरणों के आदर्श उपनियम और शासी बोर्ड) (संशोधन) विनियम, 2023 को अधिसूचित किया। संशोधित विनियमों में निम्नलिखित बातें अंतः्स्थापित की गईं: (क) आईपीए द्वारा एकीकृत आवेदन (नामांकन के लिए) के अनुमोदन के लिए 60 दिनों की समयसीमा और बोर्ड को इसे (रजिस्ट्रीकरण के लिए) अग्रेषित करने के लिए 30 दिनों की समय सीमा; और (ख) व्यावसायिक सदस्यता के समर्पण या व्यावसायिक सदस्य को निष्कासित करने के लिए आवेदन स्वीकार करते समय आईपीए के लिए विचार करने हेतु अतिरिक्त आवश्यकताएं।
31.01.2024	आईबीबीआई ने भारतीय दिवाला और शोधन अक्षमता बोर्ड (आदर्श उपनियम और दिवाला व्यावसायिक अभिकरणों का शासी बोर्ड) (संशोधन) विनियम, 2024 को अधिसूचित किया। संशोधन ने आईपी के असाइनमेंट के लिए प्राधिकरण (एएफए) की वैधता को विद्यमान एक वर्ष की अवधि से शिथिल कर दिया और इसे एए द्वारा नियुक्ति के लिए तैयार आईपी के पैनल की अवधि के साथ संरेखित किया।

परिपत्र

6.2 बोर्ड समय–समय पर आईपी, आईपीए और आईयू की निगरानी के लिए परिपत्र जारी करता है ताकि इसके निगरानी कार्य को सुविधाजनक बनाया जा सके, संहिता और विनियमों के उपबंधों के कार्यान्वयन को सुविधाजनक बनाया जा सके या विनियमों के कुछ पहलुओं को स्पष्ट किया या समझाया जा सके। समीक्षाधीन अवधि में बोर्ड द्वारा जारी किए गए कुछ महत्वपूर्ण परिपत्र सारणी 20 में सूचीबद्ध हैं।

सारणी 20: बोर्ड द्वार्रा 2023–24 पत्र गए में जारी

तारीख	व्यष्टियाँ
16.06.2023	आईबीबीआई ने संहिता की धारा 7 और 9 के अधीन आवेदन फ़ाइल करने वाले लेनदारों को सामान्य मार्गदर्शन के तौर पर सलाह दी है कि वे अपने आवेदन के साथ–साथ क्षेत्राधिकार वाले एनसीएलटी में फ़ाइल किए जाने वाले आईयू द्वारा जारी किए गए आरओडी रिकॉर्ड को भी संलग्न करें। यह परिपत्र संयुक्त रजिस्ट्रार, एनसीएलटी द्वारा 3 अप्रैल, 2023 को जारी किए गए आदेश के अनुरूप है, जिसमें सभी हितधारकों को आईयू विनियमों में विनियमन 20 (आईए) को शामिल करने और उक्त उपबंध के अनुपालन के बारे में सूचित किया गया है। तदनुसार, संहिता की धारा 7 और 9 के अधीन आवेदन फ़ाइल करने वाले याचिकाकर्ताओं को अपने मामलों की प्रभावी सुनवाई के लिए जल्द से जल्द उक्त विनियमों का अनुपालन करना और आरओडी प्रस्तुत करना आवश्यक है।
01.09.2023	आईबीबीआई ने आईपी के रूप में कार्य करने वाले आईपीई को आईबीबीआई की वेबसाइट पर सीआईआरपी प्ररूप जमा करने की ऑनलाइन सुविधा प्रदान की है। ऑनलाइन सुविधा आईपीई को आईबीबीआई द्वारा प्रदान किए गए एक अद्वितीय उपयोगकर्ता नाम और पासवर्ड की मदद से उक्त प्लेटफ़ॉर्म तक पहुंचने और सीआईआरपी प्ररूप अपलोड/जमा करने की प्रक्रिया को संभालने वाले आईपी को अधिकृत करने में सक्षम बनाती है। इसके बाद, अधिकृत आईपी व्यक्तिगत आईपी की क्षमता में उसे प्रदान किए गए अपने उपयोगकर्ता नाम और पासवर्ड के माध्यम से प्रासंगिक जानकारी और रिकॉर्ड के साथ सीआईआरपी प्ररूप जमा करने में सक्षम होगा।
28.09.2023	आईबीबीआई ने परिसमापन विनियमन के विनियमन 4(2)(ख़) के अधीन परिसमापक के शुल्क की गणना को स्पष्ट किया। परिपत्र में 'प्राप्त राशि', 'अन्य परिसमापन लागत', 'हितधारकों को वितरित राशि' और 'प्राप्ति/वितरण की राशि' शब्दों को स्पष्ट किया गया और आईपी को सलाह दी गई कि जो वर्तमान में परिसमापन असाइनमेंट संभाल रहे हैं या अतीत में किसी परिसमापन असाइनमेंट को संभाल चुके हैं, वे परिपत्र में दिए गए स्पष्टीकरण के अनुसार परिसमापन विनियम के विनियम 4(2)(ख़) के अधीन शुल्क वसूलें।
21.12.2023	आईबीबीआई ने स्पष्ट किया कि ऐसे मामलों में जहां पीजी से सीडी की दिवाला समाधान प्रक्रिया आरंभ करने के लिए आवेदन एक लेनदार द्वारा फ़ाइल किया जाता है, जिसमें आरपी के रूप में नियुक्त किए जाने वाले आईपी के नाम की अनुशंसा की जाती है, उक्त आईपी को एए के विचार के लिए लेनदार को पीजी से सीडी नियमों के प्ररूप ग के भाग iv में विवरण और घोषणा प्रदान करना आवश्यक होगा।

तारीख	व्यष्टियाँ
18.01.2024	आईबीबीआई ने अपने परिपत्र के माध्यम से सीमित दिवाला परीक्षा और मूल्यांकन परीक्षाओं के लिए दो लगातार प्रयासों के बीच की अवधि को 2 महीने से घटाकर 21 दिन कर दिया है। परीक्षा प्रशासकों/अभ्यर्थियों को सलाह दी गई है कि वे इस परिपत्र की तारीख से 3 महीने की समाप्ति के बाद आयोजित/प्रयासित सीमित दिवाला परीक्षा और मूल्यांकन परीक्षाओं में उक्त आवश्यकताओं को लागू/अनुपालन करें।
01.02.2024	आईबीबीआई ने अपने परिपत्र के जरिए आईपीई को संहिता के अधीन अपनी विस्तारित भूमिका निभाने में सुविधा प्रदान करने के लिए तीन क्षेत्रों पर स्पष्टता प्रदान कीः – (क) यदि असाइनमेंट आईपी, जो कि एक आईपीई है, द्वारा किया जाता है, (i) इसके भागीदार या निदेशक, जैसा भी मामला हो, जो आईपी है और संबंधित असाइनमेंट के लिए इसकी ओर से हस्ताक्षर करने और कार्य करने के लिए अधिकृत था; और / या (ii) आईपीई, यदि बोर्ड की राय में, आईपीई के एक या एक से अधिक भागीदारों या निदेशकों के विरुद्ध उल्लंघन के बार–बार उदाहरण हैं या ऐसे आईपीई की ओर से प्रणालीगत विफलता का उदाहरण है, आईबीबीआई (निरीक्षण और जांच) विनियम, 2017 के नियम 11 के अधीन कारण बताओ नोटिस जारी किया जाएगा; (ख़) आईपी विनियमों की पहली अनुसूची में निर्दिष्ट आचार संहिता का खंड 22 (असाइनमेंट की संख्या पर सीमा के संबंध में) आईपी पर लागू नहीं होता है, और (ग) सीआईआरपी विनियमों का विनियम 34 ख़ (शुल्क संरचना के संबंध में) आईपी, जो एक आईपीई है, पर लागू नहीं होता है।
01.02.2024	आईबीबीआई ने अपने परिपत्र के माध्यम से प्रक्रियाओं के सुचारू और कुशल संचालन की सुविधा के लिए दो क्षेत्रों पर स्पष्टता प्रदान कीः – (क) समाधान योजना के सुचारू कार्यान्वयन की सुविधा के लिए, यह स्पष्ट किया गया कि आईपी एए द्वारा अनुमोदित समाधान योजना के कार्यान्वयन के संबंध में व्यावसायिक सेवा प्रदान कर सकता है, बशर्ते कि ऐसी सेवा का विवरण एए द्वारा अनुमोदित समाधान योजना में उल्लिखित हो; और (ख़) आईपी विनियमों की पहली अनुसूची में निर्दिष्ट आचार संहिता के खंड 25 (ग) के प्रयोजनों के लिए, बिल या चालान आईपीई या व्यावसायिक या उस फर्म के नाम से जारी किया जा सकता है जिसमें ऐसा व्यावसायिक भागीदार है।
12.02.2024	आईबीबीआई ने अपने परिपत्र के माध्यम से आरपी को सलाह दी कि वे सभी मामलों में देनदार और लेनदार दोनों को संहिता की धारा 99 के अधीन तैयार की गई रिपोर्ट की प्रति प्रदान करें। इससे यह सुनिश्चित होगा कि देनदार और लेनदार को आरपी द्वारा किए गए मूल्यांकन और सिफारिशों के बारे में अच्छी तरह से जानकारी हो, जिससे पारदर्शिता और सूचित निर्णय को बढ़ावा मिलेगा।
13.02.2024	आईबीबीआई ने 13 फरवरी, 2024 को जारी अपने परिपत्र में कहा कि परिसमापक यह सुनिश्चित करेगा कि यदि कारपोरेट व्यक्ति एफआईएसपी की श्रेणी में आता है, तो वह यह घोषित करेगा किः (क) एफआईएसपी की श्रेणी को केंद्र सरकार द्वारा संहिता की धारा 227 के अधीन अधिसूचित किया गया है, और (ख़) कारपोरेट व्यक्ति ने उपयुक्त नियामक से पूर्व अनुमति प्राप्त की है। परिपत्र में आगे कहा गया है कि परिसमापक को एए के समक्ष फ़ाइल किए गए प्ररूप एच में अंतिम रिपोर्ट की एक प्रति और बोर्ड को दिए गए ईमेल आईडी पर विघटन का आदेश प्रस्तुत करना होगा।
22.02.2024	आईबीबीआई ने 22 फरवरी, 2024 के अपने परिपत्र के माध्यम से परिसमापक के लिए प्रावधान किया किः (क) गोपनीय वचनबद्धता प्राप्त करने के बाद एससीसी के सदस्यों के साथ प्रगति रिपोर्ट साझा किया जाए; (ख) प्रारंभिक रिपोर्ट तैयार करते समय एससीसी के सदस्यों के सुझाव/टिप्पणियां मांगें और ऐसे सुझावों/टिप्पणियों पर विचार करने के बाद उक्त रिपोर्ट को अंतिम रूप दिया जाए; और (ग) एए के समक्ष फ़ाइल अंतिम रिपोर्ट के साथ प्ररूप ज के प्रति और प्रक्रिया बंद करने/विघटन के आदेश को दिए गए ईमेल आईडी पर बोर्ड को प्रस्तुत करें।
13.02.2024 – 22.02.2024	आईबीबीआई ने 13 फरवरी और 22 फरवरी, 2024 को परिपत्र जारी किए, जिसमें सीडी और कारपोरेट व्यक्ति के विघटन से पहले कारपोरेट परिसमापन खाते और कारपोरेट स्वैच्छिक परिसमापन खाते में जमा की गई राशि की निकासी के लिए प्रपत्र निर्दिष्ट किए गए। ये प्रपत्र परिसमापक को उन हितधारकों द्वारा किए गए अनुरोध पर निकासी के लिए आवेदन करने में सुविधा प्रदान करेंगे जो खातों में जमा की गई किसी भी राशि के हकदार होने का दावा करते हैं।

च.2: प्रक्रियाएं

6.3 संहिता में कारपोरेट व्यक्तियों के दिवाला समाधान के लिए चार प्रक्रियाओं, अर्थात् सीआईआरपी, फास्ट ट्रैक समाधान प्रक्रिया, परिसमापन प्रक्रिया और भाग ii के अधीन स्वैच्छिक परिसमापन प्रक्रियाका प्रावधान है। ये प्रक्रियाएँ 2016 और 2017 में लागू हुई हैं। इसमें व्यक्तिगत प्रत्याभूतिदाता (पीजी) से लेकर सीडी तक की दिवाला समाधान प्रक्रिया और दिवालियापन प्रक्रिया का भी प्रावधान है जो 2019 में लागू हुई। यह उप–धारा समीक्षाधीन वर्ष के दौरान इनमें से प्रत्येक प्रक्रिया में विनियामक विकास को सूचीबद्ध करती है।

सारणी 21: 2023–24 के दौरान प्रक्रियाओं से संबंधित विनियामक विकास

तारीख	व्यष्टियाँ
सीआईआरपी विनियमों में संशोधन	
20.07.2023	आईबीबीआई ने भारतीय दिवाला और शोधन अक्षमता बोर्ड (कारपोरेट व्यक्तियों के लिए दिवाला समाधान प्रक्रिया) (संशोधन) विनियम, 2023 को अधिसूचित किया। संशोधित विनियमों ने स्पष्ट किया कि सीआईआरपी विनियमों के विनियम 31क(I) के अधीन नियामक शुल्क उन मामलों में देय नहीं होगा जहां किसी भू–संपदा परियोजना के दिवाला समाधान के संबंध में अनुमोदित समाधान योजना ऐसी भू–संपदा परियोजना में किसी एसोसिएशन या आवंटियों के समूह की ओर से है।
18.09.2023	आईबीबीआई ने भारतीय दिवाला और शोधन अक्षमता बोर्ड (कारपोरेट व्यक्तियों के लिए दिवाला समाधान प्रक्रिया) (दूसरा संशोधन) विनियम, 2023 को अधिसूचित किया। संशोधित विनियमः– (क) संहिता की धारा 7 या धारा 9 के अधीन आवेदनों के संबंध में साक्ष्य के साथ ऋण, चूक और सीमा का विवरण फ़ाइल करने का प्रावधान किया गया; (ख) आईआरपी/आरपी द्वारा सीडी की संपत्तियों की हिरासत और नियंत्रण को सुविधाजनक बनाने के लिए प्रावधान अन्तःस्थापित किए गए; (ग) सार्वजनिक घोषणा में दी गई अंतिम तारीख के बाद लेनदारों द्वारा दावे फ़ाइल करने की निर्दिष्ट समयसीमा; (घ) आईआरपी/आरपी द्वारा दावों को देर से फ़ाइल करने के सत्यापन के तरीके के लिए प्रावधान किया गया; (ङ) एक वर्ग में लेनदारों के एआर के प्रतिस्थापन के लिए उपबंध प्रस्तुत किए गए; (च) एक वर्ग में लेनदारों के एआर की निर्दिष्ट फीस और कर्तव्य; (ज) सीओसी के प्रस्ताव पर सीडी की लेखापरीक्षा आयोजित करने का प्रावधान किया गया; (झ) विनियमन 36ए के उप–विनियमन (12) के अंतर्गत अंतिम सूची में प्रत्येक आरए को आईएम, मूल्यांकन मैट्रिक्स और आरएफआरपी जारी करने का प्रावधान किया गया; और मॉडल समयसीमा में परिणामी परिवर्तन किए गए; (ञ) प्ररूप सीआईआरपी 7 फ़ाइल करने के लिए कार्यकलापों की समयसीमा को संशोधित किया गया; और (ट) प्ररूप छ और प्ररूप ज के प्रारूप को संशोधित किया गया।
15.02.2024	आईबीबीआईने भारतीय दिवाला और शोधन अक्षमता बोर्ड (कारपोरेट व्यक्तियों के लिए दिवाला समाधान प्रक्रिया) (संशोधन) विनियम, 2024 को अधिसूचित किया। संशोधन ने सीआईआरपी को बढ़ाने के उद्देश्य से कई महत्वपूर्ण बदलाव किए। मुख्य संशोधनों में सीडीकी प्रत्येक भू–संपदा परियोजना के लिए अलग–अलग बैंक खातों की आवश्यकता और मासिक सीओसी बैठकों के लिए अनिवार्यता शामिल है, यदि आवश्यक हो तो इस अंतराल को प्रति तिमाही एक बार बढ़ाने का विकल्प है। विनियम मतदान प्रक्रियाओं को भी परिष्कृत करते हैं, जिससे सीओसी को इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग विंडो की अवधि निर्धारित करने और विस्तार तंत्र प्रदान करने की अनुमति मिलती है। इसके अलावा, संशोधन आरपीको सभी सीआईआरपी –संबंधित लागतों के लिए सीओसी की स्वीकृति प्राप्त करने के लिए अनिवार्य बनाता है, जिसमें व्यवसाय को चालू रखने से जुड़ी लागतें भी शामिल हैं। संशोधन, गणना से पहले मूल्यांकन पद्धतियों के प्रकटीकरण और सूचना ज्ञापन में उचित मूल्य की आवश्यकता के द्वारा पारदर्शिता बढ़ाता है यदि सीओसी इस पर निर्णय लेता है। भू–संपदा मामलों में, सीओसी आरपी को प्रत्येक परियोजना के लिए अलग–अलग समाधान योजनाओं की मांग करने का निदेश दे सकता है। इसके अतिरिक्त, सीओसी समाधान योजना के कार्यान्वयन की देखरेख के लिए निगरानी समिति स्थापित कर सकता है, जिसमें आरपी, अन्य दिवाला व्यावसायिक या अतिरिक्त सदस्य शामिल होंगे, जिसमें आरपी के मुआवजे के बारे में प्रावधान होंगे। अंत में, संशोधन आरपी को एए द्वारा विस्तार आवेदन पर निर्णय की प्रतीक्षा करते हुए समाधान प्रक्रिया जारी रखने की अनुमति देता है।
परिसमापन प्रक्रिया विनियम में संशोधन	
12.02.2024	आईबीबीआई ने भारतीय दिवाला और शोधन अक्षमता बोर्ड (परिसमापन प्रक्रिया) (संशोधन) विनियम, 2024 को अधिसूचित किया। संशोधन ने परिसमापन के लिए एक सुचारू प्रक्रिया की सुविधा, जवाबदेही सुनिश्चित करने और परिसमापन

तारीख	व्यष्टियाँ
	प्रक्रिया में हितधारकों के विश्वास को मजबूत करने के लिए कुछ बदलाव किए: – (क) परिसमापक प्रक्रिया के दौरान किसी भी समय एससीसी की स्वीकृति के साथ एक अवसर पर सीआईआरपी के विद्यमान मूल्यांकन वाली संपत्तियों के लिए आरक्षित मूल्य को 25% तक कम कर सकता है। उन संपत्तियों के लिए जहां परिसमापन के दौरान नए मूल्यांकन किए जाते हैं, एससीसी की स्वीकृति के साथ बाद की नीलामी में आरक्षित मूल्य 10% तक कम किया जा सकता है; (ख़) परिसमापक एससीसी के साथ पूर्व परामर्श पर ही निजी बिक्री के माध्यम से सीडी की संपत्तियों को बेच सकता है, और सफल खरीदार की पुष्टि ऐसे परामर्श के बाद ही की जाएगी। (ग) समय पर निर्णय और निरीक्षण सुनिश्चित करने के लिए, परिसमापक को अधिकतम 30 दिनों के अंतराल पर एससीसी की बैठकें आयोजित करने का अधिकार है। हालाँकि, यदि आवश्यक समझा जाए तो एससीसी बैठकों की आवृत्ति कम कर सकता है, बशर्ते कि प्रति तिमाही कम से कम एक बैठक आयोजित की जाए। इन बैठकों के दौरान निर्णय वर्तमान और मतदान करने वाले सदस्यों के आधार पर लिए जाने हैं; (घ) प्रत्येक एससीसी बैठक में, परिसमापक को एक व्यापक रिपोर्ट प्रस्तुत करने की आवश्यकता होती है, जिसमें अन्य बातों के साथ–साथ परिसमापन प्रक्रिया में हुई प्रगति, सभी कानूनी कार्यवाही की समेकित स्थिति और प्रक्रिया के दौरान होने वाली संचयी लागत शामिल होती है। प्रारंभिक अनुमानों से परे किसी भी लागत वृद्धि को युक्तिसंगत बनाने की योजना के साथ उचित ठहराया जाना चाहिए; (ङ) नए परिसंपत्ति मूल्यांकन के लिए, परिसमापक को बैठकों की सुविधा प्रदान करने की आवश्यकता होती है जहाँ आरवी अपनी कार्यप्रणाली की व्याख्या करते हैं और मूल्यांकन प्राप्त करने पर, सीआईआरपी मूल्यांकन से महत्वपूर्ण विचलन, यदि कोई हो, के कारणों को बताते हैं। इसके अलावा, परिसमापक गोपनीयता वचन प्राप्त करने के बाद एससीसी सदस्यों के साथ मूल्यांकन रिपोर्ट साझा करेगा; (च) किसी भी कानूनी कार्यवाही को शुरू करने या जारी रखने से पहले, परिसमापक को आर्थिक औचित्य प्रस्तुत करते हुए एससीसी से परामर्श करना चाहिए; (छ) व्यवहार्यता पर विचार करने के बाद, परिसमापक को सीडी के मामलों को एक चालू व्यवसाय के रूप में चलाने का निर्णय लेने से पहले एससीसी से परामर्श करना चाहिए। इसके अलावा, चालू व्यवसाय के रूप में सीडी की बिक्री पहली नीलामी के बाद विशेष रूप से नीलामी में नहीं की जा सकती है, और नीलामी विफल होने की स्थिति में, परिसमापक एससीसी के परामर्श से विपणन रणनीति की समीक्षा करेगा; (ज) शीघ्र विघटन के लिए आवेदन करने से पहले, परिसमापक को एए को आवेदन में विस्तृत रिपोर्ट प्रदान करते हुए एससीसी के विचार और सिफारिशें लेनी चाहिए; (झ) प्रक्रिया के दौरान की गई वसूली और वितरण के बारे में अतिरिक्त विवरण प्राप्त करने के लिए, प्ररूप ज के अधीन अनुपालन प्रमाणपत्र को संशोधित किया गया है; (ञ) अंतिम रिपोर्ट प्रस्तुत करने के बाद की अवधि के दौरान लेकिन सीडी के भंग होने से पहले, कारपोरेट परिसमापन खाते में जमा की गई किसी भी राशि के लिए पात्रता का दावा करने वाले हितधारक निकासी के लिए परिसमापक को आवेदन कर सकते हैं। ऐसा अनुरोध प्राप्त होने पर, परिसमापक दावे को सत्यापित करेगा और बोर्ड से आगे वितरण के लिए उसे धनराशि जारी करने का अनुरोध करेगा; (ट) परिसमापक केवल उन मामलों में समझौता या व्यवस्था का प्रस्ताव फ़ाइल करेगा, जहां सीओसी ने सीआईआरपी के दौरान ऐसी अनुशंसा की थी और ऐसा प्रस्ताव परिसमापन प्रारंभ तारीख से तीस दिनों की समाप्ति के बाद फ़ाइल नहीं किया जाएगा; (ठ) परिसमापक एससीसी के परामर्श के बाद शेष बिक्री प्रतिफल के भुगतान की अवधि को नब्बे दिनों से आगे बढ़ा सकता है; (ड) जहां कहीं भी सीडी ने किसी भू–संपदा परियोजना में आवंटी को कब्जा दिया है, ऐसी परिसंपत्ति सीडी की परिसमापन संपदा का हिस्सा नहीं होगी; और (ढ) हितधारकों के साथ परामर्श की रिपोर्टिंग के लिए प्ररूप क को बैठकों के विवरण जैसे दो बैठकों के बीच अंतराल, एससीसी द्वारा असहमति आदि को शामिल करने के लिए संशोधित किया गया है।
स्वैच्छिक परिसमापन प्रक्रिया विनियम में संशोधन	
31.01.2024	आईबीबीआई ने भारतीय दिवाला और शोधन अक्षमता बोर्ड (स्वैच्छिक परिसमापन प्रक्रिया) (संशोधन) विनियम, 2024 को अधिसूचित किया। संशोधन में निम्नलिखित संशोधन किए गए:– (क) स्वैच्छिक परिसमापन प्रक्रिया शुरू करते समय कारपोरेट व्यक्ति के निदेशक वैधानिक अधिकारियों के समक्ष लंबित कार्यवाहियों या आकलनों और लंबित मुकदमों के बारे में प्रकटीकरण करेंगे और यह भी घोषित करेंगे कि लंबित कार्यवाही के कारण उत्पन्न होने वाले संभावित दायित्वों, यदि कोई हो, को पूरा करने के लिए पर्याप्त प्रावधान किया गया है; (ख) यदि परिसमापक 90 दिनों या 270 दिनों, जैसा भी मामला हो, की निर्धारित अवधि के भीतर कारपोरेट व्यक्ति का परिसमापन करने में विफल रहता है, तो वह कारपोरेट व्यक्ति के अंशदाताओं की बैठक आयोजित करेगा और ऐसी अवधि के अंत से पंद्रह दिनों के भीतर और उसके बाद प्रत्येक ऐसी अवधि के अंत में स्थिति रिपोर्ट प्रस्तुत करेगा, जिसमें निर्धारित समय अवधि के भीतर प्रक्रिया को पूरा नहीं करने के कारणों

तारीख	व्यष्टियाँ
	को निर्दिष्ट किया जाएगा और (ग) अंतिम रिपोर्ट प्रस्तुत करने के बाद की अवधि में लेकिन कारपोरेट व्यक्ति के भंग होने से पहले, कारपोरेट स्वैच्छिक परिसमापन खाते में निधियों के अधिकार का दावा करने वाले हितधारक निकासी के लिए परिसमापक को आवेदन कर सकते हैं। ऐसा अनुरोध प्राप्त होने पर, परिसमापक दावे की पुष्टि करेगा और बोर्ड से अनुरोध करेगा कि वह आगे वितरण के लिए उसे निधि जारी करे।
सीडी का पीजी विनियम में संशोधन	
31.01.2024	आईबीबीआई ने भारतीय दिवाला और शोधन अक्षमता बोर्ड (कारपोरेट देनदारों के लिए व्यक्तिगत प्रत्याभूतिदाताओं के लिए दिवाला समाधान प्रक्रिया) (संशोधन) विनियम, 2024 और भारतीय दिवाला और शोधन अक्षमता बोर्ड (कारपोरेट देनदारों के लिए व्यक्तिगत प्रत्याभूतिदाताओं के लिए दिवाला प्रक्रिया) (संशोधन) विनियम, 2024 को अधिसूचित किया। संशोधन ने किसी आईपी को क्रमशः पीजी से सीडी की दिवाला समाधान प्रक्रिया या दिवाला प्रक्रिया में आरपी या शोधन अक्षमता ट्रस्टी के रूप में नियुक्त किए जाने पर प्रतिबंध हटा दिए, यदि उसने सीडी की सीआईआरपी या परिसमापन प्रक्रिया के दौरान आईआरपी, आरपी या परिसमापक के रूप में कार्य किया है या कर रहा है। इसके अलावा, पीजी मामलों में निहित जटिलताओं और अनूठी चुनौतियों को दूर करने के लिए, संशोधन ने लेनदारों की बैठक बुलाना अनिवार्य कर दिया।

च.3 हितधारकों से जुड़ाव

6.4 आईबीबीआई अपने हितधारकों के साथ विभिन्न प्रारूपों जैसे पक्ष–समर्थन और जागरूकता कार्यक्रम, वेबिनार, सम्मेलन, संगोष्ठी, प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम, निबंध और मूट प्रतियोगिता, आईबीसी पर ऑनलाइन राष्ट्रीय प्रश्नोत्तरी और क्षमता निर्माण कार्यक्रम आदि के माध्यम से जुड़ता है। वर्ष 2023–24 के दौरान, बोर्ड द्वारा 63 पक्ष–समर्थन और जागरूकता कार्यक्रम, एक निबंध प्रतियोगिता और तीन मूट कोर्ट प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनका विवरण नीचे सारणी 22, 23 और 24 में सूचीबद्ध है।

सारणी 22: 2023–24 में बोर्ड द्वारा आयोजित पक्ष–समर्थन और जागरूकता कार्यक्रम

क्र. सं.	तारीख	विवरण	विषय	के सौजन्य से
1	13.04.2023	सीआईआई के साथ आईबीसी पर एक दिवसीय अखिल भारतीय सम्मेलन	दिवाला और शोधन अक्षमता संहितादृउभरते प्रतिमान और सुधार	भारतीय उद्योग परिसंघ
2	28.04.2023 – 30.04.2023	मूट प्रतियोगिता	दिवाला और शोधन अक्षमता कानून और संवैधानिक कानून के समकालीन और विकासशील पहलू	हिमाचल प्रदेश राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय
3	29.04.2023	समकालीन मूल्यांकन पर राष्ट्रीय संगोष्ठी	मूल्यांकन	आरवीओ ईएसएमए
4	02.05.2023	मूल्यांकन बूट कैंप (वर्चुअल)	मूल्यांकन	आईसीएमएआई आरवीओ
5	05.05.2023 – 07.05.2023	छठी अरुण जेटली अंतरराष्ट्रीय दिवाला और शोधन अक्षमता मूट प्रतियोगिता	दिवाला और शोधन अक्षमता क़ानून	एनएलयू दिल्ली
